संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक-342 रविवार,15 अक्टूबर 2023, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# पंजाब को दहलाने की साजिश नाकाम

- अमृतसर में लश्कर के दो आतंकी गिरफ्तार;
- लश्कर-ए-तैयबा माड्यूल के दो आतंकी गिरफ्तार, आइइडी, दो हैंडग्रेनेड, आठ डेटोनेटर, टाइमर स्विच बरामद
- पाकिस्तान से आए थे हथियार, कत्थूनंगल में यह खेप लेने के लिए पहुंचे थे दोनो आतंकी
- पंजाब व जम्मू कश्मीर की बड़ी शख्सियते थी

### इनके निशाने पर, दस दिन के रिमांड पर दोनों आतंकी

**अमृतसर, 14 अक्टूबर 2023(ए)।** पंजाब पुलिस ने प्रदेश में अशांति फैलाने की एक बड़ी साजिश नाकाम की है। पुलिस के स्टेट स्पैशल ऑप्रेशन सेल की टीम ने आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के मॉड्यूल के दो आतंकियों को गिरफ्तार किया है। यह दोनों आतंकवादी त्यौहारों पर पंजाब में किसी आतंकी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। केंद्रीय एजेंसियों के इनपुट के बाद एसएसओसी ने इन दोनों आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान जम्मू कश्मीर के राहपोरा खुदवानी के उजैर उल हक और खेरवा के राज मुहम्मद अंदलीब के रूप में हुई है।

### ये सामान मिला इनके पास

इनके कब्जे से दो इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइज (आइइडी), दो हैंड ग्रेनेड, दो मैग्जीन समेत एक प्वाइंट 30 बोर का पिस्तौल और 24 कारतूस, आठ डेटोनेटर, एक टाइमर स्विच और चार बैटरियां बरामद की है। इन दोनों आतंकियों को बाद दोपहर एसएसओसी की तरफ से अदालत में पेश किया गया।



अदालत ने एसएसओसी को इनका दस दिन का रिमांड दिया है। एसएसओसी इनसे पूछताछ करेगी, जिसके पश्चात कई खुलासे होने की संभावना है। स्टेट स्पैशल ऑप्रेशन सैल की टीम ने इनके खिलाफ मामला दर्ज कर अगली कार्रवाई शुरु कर दी है।

### एसएसओसी को मिली थी इनके बारे में जानकारी

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि आतंकी माड्यूल को लश्कर-ए-तैयबा का सक्रिय सदस्य फिरदौस अहमद भट संभालता है और अहमद भट्ट भी इसमें शामिल है। आतंकियों द्वारा पंजाब में शांति भंग करने की कोशिश की जा रही थी। इसका पुलिस ने पर्दाफाश किया है। उन्होंने कहा कि एसएसओसी को इनपुट मिला था कि लश्कर-ए-तैयबा द्वारा हथियारों और विस्फोटक की बड़ी खेप सीमा पार से भारत पहुंची है। इस मॉड्यूल के दो आतंकी कत्थूनंगल क्षेत्र में इस खेप को लेने वाले है। इसी के आधार पर एसएसओसी ने केंद्रीय एजेंसियों के साथ तालमेल करके इलाके में एक विशेष मुहिम चलाई और दोनों को हथियारों की खेप के साथ काबू कर लिया गया।

उन्होंने कहा कि गिफ्तार किए गए दोनो आतंकी इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्मों द्वारा फिरदौश अहमद भट के लगातार संपर्क में थे और उसने वीरवार को अमृतसर से हथियारों की खेप प्राप्त करके कश्मीर घाटी लाने के लिए इन दोनों को भेजा था। इसी के आधार पर एसएसओसी ने केंद्रीय एजेंसियों के साथ तालमेल कर इलाके में एक विशेष अभियान चलाया और दोनों को हथियारों की खेप के साथ गिरफ्तार कर लिया।

## 1984 सिख विरोधी दंगा मामला

### जगदीश टाइटलर के खिलाफ आरोपों पर बहस को लेकर सुनवाई स्थगित

**नई दिल्ली ,14 अक्टूबर 2023(ए)।** दिल्ली की एक अदालत ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान पुल बंगश हत्याओं के आरोपी कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ आरोप तय करने के बारे में बहस पर सुनवाई 21 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी।विशेष न्यायाधीश विकास ढुल सुनवाई शुरू करने वाले थे, लेकिन



टाइटलर की प्रार्थना पर मामले को 21 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दिया गया। आरोपी की ओर से पेश वकील मनु शर्मा ने कहा कि उन्हें मामले से संबंधित कुछ दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियां नहीं मिली हैं।

# इजरायल से 235 यात्रियों को लेकर भारत पहुंचा विमान

- भारतीय नागरिकों ने लगाए 'वंदे मातरम' के नारे

**नई दिल्ली ,14 अक्टूबर 2023(ए)।** इजराइल और हमास के बीच भयंकर युद्ध जारी है। इस बीच इजराइल में दूसरे देशों के भी नागरिक फंसे हुए हैं। जिन्हें सही सलामत अपने-अपने घर पहुंचने की उम्मीद है। वहीं, भारत के भी कई नागरिक इजराइल में फंसे हुए हैं। जिन्हें बचाने के लिए भारत की ओर से ऑपरेशन अजय चलाया गया है। इस ऑपरेशन के माध्यम से भारत सरकार द्वारा इजराइल में फंसे हुए लोगों को सकुशल भारत लाया जा रहा है। वहीं, आज सुबह



ऑपरेशन अजय के तहत इजराइल से 235 भारतीय नागरिकों को लेकर आ रही दूसरी फ्लाइट में यात्रियों ने 'वंदे मातरम' के नारे लगाए। बता दें कि फ्लाइट आज सुबह दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरी थी। ऑपरेशन अजय की दूसरी फ्लाइट शनिवार सुबह दिल्ली एयरपोर्ट पहुंची। इस विमान में 235 भारतीय नागरिक सवार थे, जिन्हें इजरायल से सुरक्षित वापस लाया गया है। ऑपरेशन अजय के तहत अब तक 447 भारतीयों की इजरायल से निकासी हुई है।

केंद्रीय राज्य मंत्री राजकुमार रंजन ने एयरपोर्ट पर इजरायल से वापस लौटे लोगों का स्वागत किया। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि दूसरी फ्लाइट से लौटे लोगों का स्वागत किया। भारतीय नागरिकों ने इजरायल से वापस लाने के लिए भारत सरकार का आभार जताया। बता दें कि ऑपरेशन अजय के तहत दूसरी फ्लाइट ने स्थानीय समयानुसार (इजरायल) शुक्रवार रात 11.02 बजे उड़ान भरी थी। इजरायल से भारतीयों को निकालने का अभियान अभी जारी रहेगा। इजरायल में करीब 18,000 भारतीय नागरिक रहते हैं।

# हमास की जीत के लिए मांगी दुआ

### वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल,मचा बवाल

**दक्षिण कन्नड़ ,14 अक्टूबर 2023(ए)।** दक्षिण कन्नड़ जिले के एक व्यक्ति द्वारा इजरायल के खिलाफ आतंकवादी संगठन हमास की जीत के लिए विशेष प्रार्थना करने का आग्रह करने वाला एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, इससे बहस शुरू हो गई है। 30 सेकंड के वीडियो में, खुद को मंगलुरु के खबरस्तान प्रेमी संघ के सदस्य जाकिर के रूप में पहचाने जाने वाले व्यक्ति ने अपील की है कि उसके समूह के सदस्य फिलिस्तीन, गाजा



निवासियों और हमास सैनिकों के लिए 'दुवा' (विशेष प्रार्थना) आयोजित करें।तालिबानी जैसे कपड़े पहने जाकिर को एक धार्मिक ग्रंथ हाथ में लिए देखा जा सकता है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, इससे सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील दक्षिण कन्नड़ जिले में चिंता बढ़ गई थी। वीडियो में जाकिर खुद को मंगलुरु शहर के बंदर इलाके का निवासी होने का दावा कर रहा है। पुलिस ने अभी तक इस घटनाक्रम पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता पर लगाया 5 लाख का जुर्माना

- याचिका को बताया पब्लिसिटी स्टंट

**नई दिल्ली, 14 अक्टूबर 2023(ए)।** बॉम्बे हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की 'दोषपूर्ण शपथ' को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए शीर्ष अदालत ने याचिका दायर करने वाले व्यक्ति पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। उक्त जनहित याचिका में सुप्रीम कोर्ट के समक्ष कहा गया कि बंबई उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस की शपथ दोषपूर्ण थी। शीर्ष अदालत ने पांच लाख का जुर्माना लगाते हुए कहा, प्रचार पाने के लिए यह एक तुच्छ प्रयास था। बेंच में शामिल जज जेबी पारदीवाला और जस्टिस



मनोज मिश्रा ने कहा कि हमारी राय है कि ऐसी याचिकाओं से कोर्ट का समय खराब होता है और गंभीर मुद्दों से कोर्ट का ध्यान भटकता है। ऐसी याचिकाएं न्यायपालिका के मैनपावर और रजिस्ट्री का दुरुपयोग करती हैं। जजों ने कहा कि अब ऐसा समय आ गया है जब कोर्ट को ऐसी व्यर्थ याचिकाएं दाखिल करने पर जुर्माना लगाना शुरू करना चाहिए। बेंच ने कहा कि हम याचिकाकर्ता पर 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाते हुए इस याचिका को रद्द करते हैं। ये जुर्माना याचिकाकर्ता को 4 हफ्ते के अंदर भरना होगा।

## सीबीआई की बड़ी कार्यवाही

### फर्जी पासपोर्ट मामले में पं. बंगाल और सिक्किम में 50 ठिकानों पर छापेमारी, एक वरिष्ठ अधीक्षक गिरफ्तार

**कोलकाता ,14 अक्टूबर 2023(ए)।** फर्जी और जाली पासपोर्ट के मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी ने बड़ा कदम उठाया है। एजेंसी ने पश्चिम बंगाल और सिक्किम के लगभग 50 जगहों पर छापा मारा और इस मामले में जांच एजेंसी की



कार्रवाई अभी भी जारी है। जानकारी के अनुसार, सीबीआई ने इस मामले में सिलीगुड़ी के पासपोर्ट सेवा लघु केंद्र (पीएसएलके) के एक वरिष्ठ अधीक्षक को एक बिचौलिए के साथ गिरफ्तार किया है।

सीबीआई के अधिकारी ने बताया कि गैर-निवासियों सहित अयोग्य व्यक्तियों को कथित तौर पर रिश्वत लेकर जाली दस्तावेजों के आधार पर पासपोर्ट जारी करने के मामले में दर्ज की गई प्राथमिकी में 16 अधिकारियों सहित 24 व्यक्तियों के नाम शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, कोलकाता, सिलिगुड़ी, गंगटोक और अन्य स्थानों पर छापे मारे जा रहे हैं।

# कर्नाटक के पैसे से कांग्रेस खरीद रही है टीएस में वोट: केटीआर

**हैदराबाद, 14 अक्टूबर 2023(ए)।** बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामा राव ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी, जो कर्नाटक में व्यापारियों से 50 प्रतिशत कमीशन लेती है, ने 42 करोड़ रुपये नकद की व्यवस्था की, जिसे बेंगलुरु में आयकर विभाग के अधिकारियों ने जब्त कर लिया।

30 प्रतिशत कमीशन वसूलने वाली भाजपा सरकार को हराने वाली कांग्रेस ने टीपीसीसी प्रमुख ए. रेवंत रेड्डी को आठ करोड़ रुपये भेजे और शेष नकदी बेंगलुरु में जब्त कर ली गई। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि जब्त की गई नकदी कांग्रेस



पार्टी को आगामी चुनावों में खर्च करने के लिए तेलंगाना भेजी जानी थी।÷बौद्धिक रूप से दिवालिया कांग्रेस पार्टी और उसका नेतृत्व तेलंगाना में वोट खरीदने के लिए कर्नाटक से सैकड़ों करोड़ रुपये खर्च कर रहा है। उनका पीसीसी प्रमुख वही था जो 'कैश फॉर वोट' घोटाले में रिश्वत लेते हुए कैमरे पर पकड़ा गया था और अब चूंकि यह अपराधी है अब ठगों के झुंड का नेतृत्व कर रहे हैं,÷ राव ने कहा।

इसी तरह, वरिष्ठ भाजपा नेता पी. मुरलीधर राव ने भी आरोप लगाया कि आयकर विभाग के अधिकारियों ने बेंगलुरु में एक ठेकेदार के आवास पर छापेमारी की और 42 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी पाई, जो तेलंगाना के लिए थी।

# बूढ़ा पहाड़ में सुरक्षा बलों को उड़ाने की साजिश नाकाम

### सात सिलिंडर बम सहित नौ आईईडी बरामद

**रांची ,14 अक्टूबर 2023(ए)।** झारखंड के लातेहार जिले में बूढ़ा पहाड़ की तराई वाले जंगलवर्ती इलाके से पुलिस ने सात सिलिंडर बम के अलावा दो आईईडी बरामद किए हैं। माना जा रहा है कि



माओवादियों ने सुरक्षा बलों को उड़ाने की योजना के तहत बम प्लांट किए थे। हालांकि, सुरक्षा बलों ने करीब एक साल पहले ही बूढ़ा पहाड़ को नक्सलियों से मुक्त करा लिया था।आशंका है कि बम या तो पहले लगाए गए होंगे या फिर बूढ़ा पहाड़ से भागने के बाद नक्सलियों का कोई दस्ता फिर से पांव फैलाने की कोशिश कर रहा है। लातेहार के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को सूचना मिली थी कि लाटू के जंगल में माओवादियों ने भारी संख्या में सिलेंडर बम छिपाकर कर रखा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ व जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने लाटू जंगल में सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान ढाई-ढाई किलो के सात सिलेंडर बम, एक टिफिन बम व एक अन्य आईईडी बरामद किया गया। सीआरपीएफ की बम निरोधक टीम द्वारा मौके पर ही डिफ्यूज कर दिया गया।

# प्रत्याशी की गाड़ी से 50 हजार मिलने पर होगी जब्ती

**रायपुर, 14 अक्टूबर 2023(ए)।** जैसे -जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आते जा रहे है निर्वाचन आयोग सख्त कदम उठाने की ओर आगे बढ़ गई है। राजनीतिक दल, प्रत्याशी या उनसे संबंधित धन राशि के लेन-देन पर निर्वाचन आयोग की विशेष निगरानी कर रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी डा. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने सभाकक्ष में विधानसभा निर्वाचन संबंधी अब तक की तैयारियों की समीक्षा की।प्रत्याशी या उनके एजेंट या पार्टी वर्कर के वाहन में चेकिंग के दौरान 50 हजार रुपये से अधिक की धन राशि प्राप्त होने पर उसे जब्त किया जाएगा। वही स्टार प्रचारक को इसकी छूट रहेगी।

इसी प्रकार चेकिंग के दौरान प्रत्याशी, उनके एजेंट या पार्टी वर्कर के वाहन में 10 हजार रुपये से अधिक की चुनाव प्रचार सामग्री, पोस्टर, दवाइयां, शराब, हथियार या किसी अन्य प्रकार के उपहार मिलने पर उन्हें भी जब्त कर लिया

### स्टार प्रचारकों को छूट...किसी भी अन्य प्रकार के उपहार मिलने पर जब्त होगा




जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी डा. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने सातों विधानसभा के रिटर्निंग आफिसरों और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक ली और निर्देशित किया कि निर्वाचन के दौरान बैंक खातों से संदिग्ध लेन-देन, किसी खाते से अचानक बड़ी रकम की जमा और निकासी आदि पता चलने पर तत्काल जिला निर्वाचन अधिकारी और आयकर विभाग के अधिकारियों को सूचित किया जाए।बैठक में नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा तथा सभी विधानसभा के रिटर्निंग आफिसर, असिस्टेंट रिटर्निंग आफिसर और नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

### एक लाख से अधिक का लेन-देन भी संदिग्ध

कलेक्टर ने बताया कि अगले दो माह में किसी बैंक अकाउंट में यदि एक लाख रुपये से अधिक का असामान्य लेन-देन किया जाता है तो उसे संदेहास्पद माना जाएगा। साथ ही प्रत्याशी, उनकी पत्नी या रिश्तेदार द्वारा एक लाख रुपये से अधिक का लेन-देन किया जाता है तो उन्हें शपथ-पत्र जमा करना होगा, जिसका प्रारूप, मुख्य निर्वाचन आयुक्त के वेबसाइट पर उपलब्ध है। वहीं चुनाव के दौरान किसी अकाउंट से जिले या विधानसभा क्षेत्र के बहुत से लोगों के अकाउंट में असामान्य रूप से आरटीजीएस के माध्यम से राशि स्थानांतरित की जाती है और ऐसा लेन-देन पहले न किया गया हो तो वह भी संदेहास्पद माना जाएगा।

### प्रमाण-पत्र रखना होगा साथ

प्रत्याशियों और राजनैतिक दलों के स्टार प्रचारक अपने व्यक्तिगत उपयोग के लिए या दल के कार्यक्रम के लिए एक लाख रुपये तक नकद रख सकेंगे, लेकिन इसके लिए उन्हें पार्टी के कोषाध्यक्ष से लिखित प्रमाण पत्र साथ रखना होगा। चेकिंग के दौरान बिना प्रमाण-पत्र के पाई गई राशि भी जब्त की जाएगी।

## दुर्गा पूजा के लिए स्कूलों में 10 दिन की छुट्टी का किया ऐलान

**रायपुर, 14 अक्टूबर 2023(ए)।** दुर्गा पूजा के अवसर पर सरकार ने स्कूलों में 10 दिन के अवकाश की घोषणा की। ओडिशा सरकार ने दुर्गा पूजा के अवसर पर 20 अक्टूबर से स्कूलों में दस दिन की छुट्टी की घोषणा की है। एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई है। माध्यमिक



और प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक, सभी स्कूल 29 अक्टूबर तक बंद रहेंगे। अधिसूचना में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को स्कूल प्राधिकारियों को पूजा अवकाश के बारे में निर्देश देने के लिए कहा गया है। सरकार ने 14 अक्टूबर को महालय के अवसर पर भी छुट्टी की घोषणा की है, जो पितृ पक्ष की समाप्ति का प्रतीक है। बता दें कि दुर्गा पूजा भारत के प्रमुख त्योहार है। यह बंगाली, आसामी, ओड़िया हिन्दू समाज में खास तौर पर मनाया जाता है। दुर्गा पूजा का उत्सव दिल्ली, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब, कश्मीर, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और केरल राज्यों में भी काफी उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर कुछ स्कूलों में 19 से 24 अक्टूबर 2023 तक छुट्टियां रह सकती हैं।

वहीं, छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर इस महीने की त्योहारी छुट्टी का ऐलान किया है। दशहरा पर 23 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक छुट्टी रहेगी। इसके बाद नवंबर में दिवाली पर 11 से 16 नवंबर तक छुट्टी रहेगी।





# कोलकाता में 2.5 करोड़ रुपये का तस्करी का सोना जब्त

**कोलकाता ,14 अक्टूबर 2023(ए)।** सीमा शुल्क विभाग ने दक्षिण कोलकाता में एक वाहन के बोनट से 2.5 करोड़ रुपये मूल्य का तस्करी का सोना जब्त किया है और इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए चारों लोग केरल के मूल निवासी हैं, जो वर्तमान में कोलकाता में रह रहे हैं।वे एक कॉर्पोरेट इकाई के लिए काम करते हैं जिसका वैश्विक मुख्यालय पश्चिम एशिया में है और सोने के आभूषण निर्माण में शामिल हैं। अपने सूत्रों से सूचना मिलने पर, सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने एक कार का पीछा करना शुरू कर दिया, जिसमें चार गिरफ्तार व्यक्ति वाहन के बोनट पर छिपाकर तस्करी की गई सोने की चार छड़ें ले जा रहे थे।

कार के गरियाहाट चौराहे पर पहुंचने के बाद अधिकारियों ने गाड़ी रोक दी। वाहन की गहन जांच के बाद वाहन के बोनट से सोने की छड़ें बरामद की गई। विभाग के अधिकारियों ने वाहन भी जब्त कर लिया। यह पता लगाने के लिए जांच की जा रही है कि क्या गिरफ्तार किए गए व्यक्ति खुद ही सोने की ईंटों की तस्करी कर रहे थे या इसमें कोई अन्य संलिप्तता थी।

## संपादकीय

# रोजगार आंकड़ों का सच

महामारी के दौरान स्वरोजगार की संख्या क्यों बढ़ी और नियमित वेतन वाले रोजगार की संख्या क्यों घटी? और इस अनुपात का आज भी उसी रूप में बने रहना क्या बताता है?

अप्रिय आंकड़ों को कैसे चमकदार बना कर पेश किया जा सकता है, उसे समझना हो, तो पीरियॉडिक लेबर फोर्स सर्वे (पीएलएफएस) की ताजा सर्वे रिपोर्ट पर गौर करना चाहिए। यह रिपोर्ट इस वर्ष जून और जुलाई महीनों के बारे में है। राष्ट्रीय सांख्यिकी संस्थान की तरफ से जारी इस रिपोर्ट के आधार पर अखबारों ने सुर्खियां बनाई हैं कि इन दो महीनों में देश में बेरोजगारी की दर गिरी। साथ ही श्रम बाजार में भागीदारी (एलएफपीआर) दर में वृद्धि हुई है। शहरी और ग्रामीण इलाकों में इस अवधि में बेरोजगारी दर क्रमशः 5.4 और 2.4 प्रतिशत रही, जबकि उसके पहले के दो महीनों में ये दर 6.3 और 3.2 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2022-23 में एलएफपीआर बढ़ कर 57.9 प्रतिशत तक पहुंच गई, जबकि 2021-22 में यह दर 55.2 प्रतिशत थी। जाहिर है, ये आंकड़े एक सकारात्मक तस्वीर पेश करते हैं। लेकिन अब जरा इसी रिपोर्ट से सामने आए इस विवरण पर गौर कीजिए कि भारत में जिन लोगों को रोजगार में माना जा रहा है, उन्हें दरअसल किस तरह का रोजगार हासिल है। सरकार ने जो आंकड़े दिए हैं, उसके मुताबिक कुल रोजगार प्राप्त लोगों में 57.3 प्रतिशत स्वरोजगार श्रेणी में आते हैं। 2018-19 में (यानी कोरोना महामारी के पहले) ये संख्या 52.1 प्रतिशत थी। अब नियमित वेतन मिलने वाले रोजगार वाली श्रेणी में 20.9 प्रतिशत लोग हैं। 2018-19 में यह संख्या 22.8 प्रतिशत थी। बाकी लोग कैजुअल यानी अनियमित रोजगार की श्रेणी में हैं। प्रश्न है कि महामारी के दौरान स्वरोजगार की संख्या क्यों बढ़ी और नियमित वेतन वाले रोजगार की संख्या क्यों घटी? और इस अनुपात का आज भी उसी रूप में बने रहना क्या बताता है? यह बताता है कि उच्च आर्थिक वृद्धि दर के तमाम आंकड़ों के बावजूद रोजगार के बाजार में कोई सुधार नहीं हुआ है। भारत में स्वरोजगार से तात्पर्य बेरोजगारी को छिपाना और अर्ध-रोजगार की स्थिति होता है। अगर विकल्प हो, तो स्वरोजगार वाले लोगों की अधिसंख्या नियमित वेतन के रोजगार को अपना लेगी। इसीलिए बेरोजगारी और एलएफपीआर के आंकड़ों का आम इनसान की वास्तविक आर्थिक स्थिति से कम ही रिश्ता है।

## सैकड़ों वर्षों बाद नौ शुभ योग में नवरात्रा पर्व 15-23 अक्टूबर 2023 पर विशेष

# शेर पर सवार होके आजा शेरावालिए-शेरावालिए मां ज्योतावालिए

### भारत में नवरात्रा उत्सव कष्टों से मुक्ति, सुख समृद्धि का प्रतीक-इस वर्ष नौ शुभ योग में नवरात्रा के कारण खरीदी निवेश फायदेमंद होंगे-धार्मिक विशेषज्ञों का अनुमान



किशन सनमुखदास भावनानीं
गोंदिया महाराष्ट्र

वैश्विक स्तरपर आदि अनादि काल से भारत आध्यात्मिक, आस्था का प्रतीक रहा है, जो हजारों वर्षों पूर्व के इतिहास में दर्ज है,जिसे हम कहानियों मान्यताओं के रूप में अपने पूर्वजों, पूर्वज पीडियों और वर्तमान में बड़े बुजुर्गों से सुनते आ रहे हैं। भारत एक सर्वधर्म धर्मनिरपेक्ष देश है जहां हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सहित अनेकों जातियों प्रजातियों उपजातियों द्वारा अपने-अपने स्तर व मान्यताओं के अनुसार धार्मिक अनुष्ठान करते हैं। किसी को कोई पाबंदी नहीं है, यही भारतीय संविधान की खूबसूरती है, यह हम आज इसलिए कह रहे हैं क्योंकि 15 से 23 अक्टूबर 2023 तक शुभ नवरात्रा दिवस हैं जो प्रतिवर्ष अक्टूबर महीने की भिन्न-भिन्न तिथियां में मनाए जाते हैं। यह किसी एक राज्य में नहीं बल्कि अनेक राज्यों में गहरी आस्था के साथ मनाया जाता है। इस अवधिमें कठोर व्रत रखा जाता हैअपनीअपनी मान्यता सार्थकता के अनुसार- चप्पल नहीं पहनना, बाल शेविंग नहीं बनाना, नीचे धरती पर सोना,, ब्रह्मचर्य रहना मौन धारण करना सहित अपनी शक्ति के अनुसार अनेक प्रकारों की के बातों से दूर रहने का पालन अपनीमनोकामना पूरा करने, फल की चाहना के लिए मां दुर्गा काली से कामना करते हैं। इस वर्ष 15 से 23 अक्टूबर 2023 को 400 वर्षों बाद 9 दिन शुभ वाली स्थिति आई है जिसमें नवरात्र के 9 दिन ही खरीदी, निवेश सबसे अधिक फायदेमंद होने की बात धार्मिक विशेषज्ञों द्वारा बताई गई है तथा एक महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बार मां दुर्गा गज यानें हाथी पर विराजमान होकर आ रही है।कुछ वर्षा साथ लेकर व विसर्जन के दौरान भी वर्षा का योग है। चूंकि इस वर्ष 9 दिन की नवरात्रा विशेष महत्वपूर्ण योग लेकर आई है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत में नवरात्र उत्सव कष्टों से मुक्ति, सुख समृद्धि का प्रतीक है। इस वर्ष 9 शुभ योग में नवरातत्रा के कारण खरीदी, निवेश फायदेमंद होंगे, ऐसा धार्मिक विशेषज्ञों का अनुमान है।

साथियों बात अगर हम इस बार 15 -23 अक्टूबर 2023 को माता की सवारी और उसके महत्व की करें तो,इस बार शारदीय नवरात्रि की शुरुआत रविवार से हो रही है और जब रविवार के दिन से नवरात्रि शुरू होती है तो माता का वाहन हाथी होता है। हाथी पर सवार होकर माता का आगमन अधिक वर्षा का संकेत देता है। वैसे तो अलग अलग वार याने दिन के अनुसार नवरात्रि में मां दुर्गा के वाहन डोली, नाव, घोड़ा, भैंसा, मनुष्य व हाथी होते हैं, मान्यता के अनुसार यदि नवरात्रि सोमवार या रविवार से शुरू हो रही है तो मां दुर्गा का वाहन हाथी होता है, जो अधिक वर्षा के संकेत देता है। वहीं यदि नवरात्रि मंगलवार और शनिवार शुरू होती है, तो मां का वाहन घोड़ा होता है, जो सत्ता परिवर्तन का संकेत देता है। इसके अलावा गुरुवार या शुक्रवार से शुरू होने पर मां दुर्गा डोली में बैठकर आती हैं जो रक्तपात, तांडव, जन-धन हानि का संकेत बताता है। वहीं बुधवार के दिन से नवरात्रि की शुरुआत होती है, तो मां नाव पर सवार होकर आती हैं। नाव पर सवार माता का आगमन शुभ होता है। अगर नवरात्रि का समापन रविवार और सोमवार के दिन हो रहा है, तो मां दुर्गा भैंसे पर सवार होकर जाती हैं, जिसे शुभ नहीं माना जाता है। इसका मतलब होता है कि देश में शोक और रोग बढ़ेंगे। वहीं शनिवार और मंगलवार को नवरात्रि का समापन हो तो मां जगदंबे मुर्गे पर सवार होकर जाती हैं। मुर्गे की सवारी दुख और कष्ट की वृद्धि को ओर इशारा करता है। बुधवार और शुक्रवार को नवरात्रि समाप्त होती है, तो मां की वापसी हाथी पर होती है, जो अधिक वर्षा को ओर संकेत करता है। इसके अलावा यदि नवरात्रि का समापन गुरुवार को हो रहा है तो मां दुर्गा मनुष्य के ऊपर सवार होकर जाती हैं, जो सुख और शांति की वृद्धि की ओर इशारा करता है।

साथियों बात अगर हम नवरात्र उत्सव आगमन की मान्यताओं की करें तो इस वर्ष नौ शुभ योग हैं। सितारों की ऐसी स्थिति पिछले 400 सालों में नहीं बनी।इस बार नवरात्रि का हर दिन शुभ रहेगा। इन दिनों में प्रॉपर्टी खरीदने से लेकर नया बिजनेस शुरू करने तक हर मुहूर्त रहेगा। इन दिनों में सिर्फ पूजा-पाठ ही नहीं होती, नई शुरुआत और खरीदारी के लिए भी ये दिन बहुत शुभ होते हैं। 15 अक्टूबर से शुरू होने वाली नवरात्रि अखंड रहेगी यानी अंग्रेजी तारीख और तिथियों का ठीक तालमेल होने से एक भी तिथि कम नहीं होगी। इस तरह पूरे नौ दिनों का शक्ति पर्व होना शुभ संयोग है।विशेष योग संयोग में गहने, नई प्रॉपर्टी की खरीद या फ्लैट बुक कराना फायदेमंद रहेगा। साथ ही नए कामों की शुरुआत करना भी सफलतादायक रहेगा। गाड़ी, स्वर्ण, चांदी, वस्त्रत्, बर्तन की खरीदारी शुभ रहेगा. वहीं आभूषण, गाड़ी,



भूमि, भवन, गृह सामग्री फ्रिज, टीवी आदि खरीदना शुभ साबित होगी. अपने पसंदीदा सामान की इस दौरान खरीदारी कर घरों में खुशियां ला सकते हैं। शारदीय नवरात्रि के साथ ही खरीदारी और निवेश के लिए भी शुभ समय की शुरुआत हो चुकी है। देवी दुर्गा का आगमन कष्टों से मुक्ति का संकेत दे रहा है। ये सुख-समृद्धि का प्रतीक है. हाथी का संबंध विघ्नहर्ता गणेश और देवी महालक्ष्मी से भी है। इस कारण इन दिनों की गई खरीदारी शुभ होगी और निवेश लंबे समय तक फायदा देने वाला रहेगा। तिथि, वार और नक्षत्रों से मिलकर सर्वार्थसिद्धि, राजयोग, त्रिपुष्कर, अमृतसिद्धि और रवियोग बन रहे हैं. इन शुभ संयोगों से सुख और समृद्धि बढ़ेगी।

साथियों बात अगर हम नौ शुभ तिथियों और शारदीय नवरात्र की तिथियों की करें तो, 15 अक्टूबर - पद्म और बुधादित्य योग, 16 अक्टूबर - छत्र योग, स्वाती नक्षत्र और भद्रा तिथि का संयोग 17 अक्टूबर - प्रीति, आयुष्मान और श्रीवत्स योग 18 अक्टूबर - सर्वार्थसिद्धि और अमृतसिद्धि योग 19 अक्टूबर - ज्येष्ठा नक्षत्र और पूर्णा तिथि संयोग 20 अक्टूबर ङ्क रवियोग, षष्ठी तिथि और मूल नक्षत्र का संयोग


21 अक्टूबर - त्रिपुष्कर योग। 22 अक्टूबर - सर्वार्थसिद्धि और रवियोग 23 अक्टूबर - सर्वार्थसिद्धि और रवियोग (2) शारदीय नवरात्रि की तिथियां - 15 अक्टूबर 2023 - मां शैलपुत्री (पहला दिन) प्रतिपदा तिथि 16 अक्टूबर 2023 - मां ब्रह्मचारिणी (दूसरा दिन) द्वितीया तिथि 17 अक्टूबर 2023 - मां चंद्रघंटा (तीसरा दिन) तृतीया तिथि 18 अक्टूबर 2023 - मां कुष्मांडा (चौथा दिन) चतुर्थी तिथि 19 अक्टूबर 2023 - मां स्कंदमाता (पांचवा दिन) पंचमी तिथि 20 अक्टूबर 2023 - मां कात्यायनी (छठा दिन) षष्ठी तिथि 21 अक्टूबर 2023 - मां कालरात्रि (सातवां दिन) सप्तमी तिथि 22 अक्टूबर 2023 - मां महागौरी (आठवां दिन) दुर्गा अष्टमी 23 अक्टूबर 2023 - महानवमी, (नौवां दिन) शरद नवरात्र व्रत पारण 24 अक्टूबर 2023 - मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन, दशमी तिथि (दशहरा)

साथियों बात कर हम कन्याओं और देवी के शास्त्रों की पूजा की करें तो, अष्टमी को विविध प्रकार से मां शक्ति की पूजा करें. इस दिन देवी के शस्त्रों की पूजा करनी चाहिए. इस तिथि पर विविध प्रकार से पूजा करनी चाहिए और विशेष आहुतियों के साथ देवी की प्रसन्नता के लिए हवन करवाना चाहिए. इसके साथ ही 9 कन्याओं को देवी का स्वरूप मानते हुए भोजन करवाना चाहिए. दुर्गाष्टमी पर मां दुर्गा को विशेष प्रसाद चढ़ाना चाहिए. पूजा के बाद रात्रि को जागरण करते हुए भजन, कीर्तन, नृत्यादि उत्सव मनाना चाहिए, 2 साल की कन्या को कुमारी कहा जाता है. इनकी पूजा से दुख और दरिद्रता खत्म होती है। 3 साल की कन्या त्रिमूर्ति मानी जाती है. त्रिमूर्ति के पूजन से धन-धान्य का आगमन और परिवार का कल्याण होता है। 4 साल की कन्या कल्याणी मानी जाती है. इनकी पूजा से सुख-समृद्धि मिलती है। 5 साल की कन्या रोहिणी माना गया है. इनकी पूजन से रोग-मुक्ति मिलती है। 6 साल की कन्या कालिका होती है. इनकी पूजा से विद्या और राजयोग की प्राप्ति होती है। 7 साल की कन्या को चंडिका माना जाता है. इनकी पूजा से ऐश्वर्य मिलता है। 8 साल की कन्या शांभवी होती है. इनकी पूजा से लोकप्रियता प्राप्त होती है। 9 साल की कन्या दुर्गा को दुर्गा कहा गया है. इनकी पूजा से शत्रु विजय और असाध्य कार्य सिद्ध होते हैं। 10 साल की कन्या सुभद्रा होती है। सुभद्रा के पूजन से मनोरथ पूर्ण होते हैं और सुख मिलता है। पूरे वर्ष में,चार नवरात्रि मनाई जाती है। यह नवरात्रि शारदीय होगी, जो आश्विन शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तिथि तक मनाई जा रही है। इस दौरान, भक्त मां दुर्गा और उनके नौ अवतारों - नवदुर्गाओं की पूजा करते हैं। यह त्यौहार नौ दिनों तक मनाया जाता है, इसलिए सही तिथियों और कलश स्थापना के सही मुहूर्त को जानना आवश्यक है। नवरात्रि के पहले दिन ही कलश स्थापना की जाती है। मान्यता है कि कलश स्थापना मुहूर्त में ही करनी चाहिए, क्योंकि नौ दिनों यह देवी के स्वरूप में आपके निवास स्थान में विराजमान रहता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि सैकड़ो वर्षों बाद नौ शुभ योग में नवरात्रा पर्व 15 - 23 अक्टूबर 2023 पर विशेष गज पर सवार होके आजा शेरांवालिएं - शेरावांलिएं मां ज्योतावांलिएं।भारत में नवरात्रा उत्सव कष्टों से मुक्ति, सुख समृद्धि का प्रतीक - इस वर्ष नौ शुभ योग में नवरात्रा के कारण खरीदी निवेश फायदेमंद होंगे - धार्मिक विशेषज्ञों का अनुमान है।

## आ जाबे मइया

तैं आ जाबे मइया,
मोर अंगना मा ओ।
गइया के काँचा गोबर ले,
लिपेंव मैं अंगन दुवार।
उजरायेंव कोठी-कुरिया ला,
मुँहाटी मा बंदन वार।
तैं झन भुलाबे मइया,
मोर बंदना ला ओ...।
सात बहनिया देबी ला,
मैं पठो डारे हँव नेवता।
ब्रम्हा विष्णु महेश नेवताय,
अउ तैंतीस कोटि देवता।
तैं असीस ले आबे मइया,
अपन अँछरा मा ओ...।
बन के सगा-पहुना आही,
चाँद सुरुज नवलख तारा।
नवकलस मा जगमग दीया,
मैं राखेंव जोत-जँवारा।
तैं महका जाबे मइया,
मोर कुटिया ला ओ...।



टीकेश्वर सिन्हा
गब्दीवाला
घोटिया-बालोद
(छत्तीसगढ़)

# नारी शक्ति के प्रतिष्ठ के परब नवरात्रि



अशोक पटेल
आशु
मेघा,धमतरी
छत्तीसगढ़

नवरात्रि परब हिंदु मन के प्रमुख अउ पावन परब के रूप म माने जाथे। ए परब के अगोरा सम्मक भारतवासी मन ल रहिथे। एला अलग-अलग प्रांत म अलग-अलग नाम देके मनाए जाथे। एला कहीं नवरात्रि त कहीं नवरात्र त कहीं




नवराते,या फेर जगराता के नाम से जाने जाथे। एकरे सेती एकर अड़बड़ महत्व बढ़ जाथे। काबर की चईत शुक्ल प्रतिपदा म ही हमर भारत म हिंदू मन के द्वारा नावा बछर मनाए जाथे। अउ दूसर सबसे प्रमुख धार्मिक कारण ए भी हावय कि ए परब म नारी शक्ति के प्रतिष्ठापन भी करे जाथे।जेमा नव कन्या के रूप म देवी स्वरूपा नारी मन के पूजा करे जाथे। इही हमर देश के सबले बड़े महिमा आय।

नवरात्रि शब्द संस्कृत ले निकले हावय, जेकर शाब्दिक अर्थ होथे नवरात।

एकर अलावा नवरात्रि ल नवअहोरात भी कहे जाथे। एकर मतलब एहर आय की विशेष रात। ए समय म शक्ति के नवरूप मन के उपासना करे जाथे। ए नवरात्रि हर सिद्धि के प्रतीक भी माने जाथे।भारत म हमर सिद्ध पुरुष मन के द्वारा दिन के अपेक्षा रात्रि ल विशेष महत्व दिए गए हे। एकर सेती तो दीपावली,होली,अउ नवरात्रि मन ल रात म मनाय के परम्परा हावय।यदि अईसनहा कोनो बात नई रथिस त नवरात्रि न कहिके नवदिन कहे जातिस। साधना के दृष्टि से शरद अउ चईत मास के विशेष महत्व माने जाथे। ए दूनों परब म, जनमानस आध्यात्मिक अउ मानसिक शक्ति ल प्राप्त करथें। एकर लिए किसम-किसम के व्रत,संयम ,नियम,भजन किर्तन, योग-साधना मन ल करथें। कई साधक मन रात म सिद्धासन बईठ के आंतरिक त्राटक के द्वारा बीज मंत्र के साधना करथें। नवरात के समय ह जागरण,के समय कहलाथे। ए समय सृष्टि म सकारात्मक ऊर्जा प्रवाहित होत रहिथे। अउ नकारात्मक ऊर्जा ह दूर हो जाथे। ए प्रकार ले नवरात म मात्र अउ मात्र देवी के नवस्वरूप के उपासना अराधना करे जाथे।वईसे तो नवरात हर बछर म चार बेर आथे।पर आश्विन मास अउ चईत मास के विशेष महत्व होथे। अउ ए नवरात म महासरस्वती, महालक्ष्मी, महाकाली के नवरुप मन के विशेष पूजा करे जाथे। ए मन के नाम स्थान ए प्रकार से हावय-योगमाया-नन्दादेवी, विंध्यवासिनी-शक्तिपीठ, रक्तदन्तिका-साथुर, शाकम्भरी-सहारनपुर, दुर्गा-काशीभीम-पिंजौर, अउ भ्रामरी-भ्रमराम्बा शक्तिपीठ इही सब देवी मन नवदुर्गा के रूप कहलाथे।

ए प्रकार से कहे जा सकत हे कि ए नवरात्रि हर देवी आराधना के माध्यम से नारि मन के प्रतिष्ठा,सम्मान के परब, नवरात आय। इही हर हमर देश के सबले बड़े विशेषता माने जाथे।जेला सम्मक देशवासी मन धूम-धाम अउ भक्ति भावना के साथ मनाथें ।

# मुफ्त की रेवड़ी पर रोक की जरूरत

चुनावों से पहले मुफ्त में वस्तुएं और सेवाएं बांटने की घोषणाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने हिचक के साथ ही सही लेकिन एक पहल की है। अदालत ने मध्य प्रदेश और राजस्थान सरकार के साथ साथ केंद्र सरकार, चुनाव आयोग और रिजर्व बैंक को नोटिस जारी किया है। हालांकि अदालत के मन में एक दुविधा है, जिसे उसने जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान जाहिर किया। सर्वोच्च अदालत ने सवालिया लहजे में कहा कि क्या चुनावी वादों पर नियंत्रण किया जा सकता है? यह बहुत जायज सवाल है और इस पर बहस भी सनातन है। जब भी मुफ्त की रेवड़ी की बात होती है तो यह सवाल उठता है कि किस चीज को मुफ्त की रेवड़ी कहेंगे और किस चीज को लोक कल्याण की योजना कहेंगे?

हर सरकार और पार्टी अपनी योजना को लोक कल्याण की योजना बताती है और कहती है कि भारत एक लोक कल्याणकारी राज्य है, जिसमें सरकारों की जिम्मेदारी बनती है कि वह जनता की समस्याओं को दूर करे और जरूरतों को पूरा करे। लेकिन सवाल है कि क्या मुफ्त में वस्तुएं और सेवाएं बांटने से जनता की बुनियादी समस्याएं दूर हो रही हैं? हकीकत यह है कि इससे कुछ लोगों की तात्कालिक समस्याओं का समाधान तो मिलता है लेकिन समस्याओं के स्थायी निराकरण की संभावना समाप्त हो जाती है। देश या राज्य के ढांचागत विकास की प्रक्रिया इससे रूक जाती है क्योंकि पार्टियां और सरकारें चुनाव जीतने के एक आसान फॉर्मूले के तौर पर मुफ्त की रेवड़ी का इस्तेमाल करने लगती हैं। वे ढांचागत विकास और रोजगार पैदा करने वाली योजनाओं पर सोचना बंद कर देती हैं।

मुफ्त की रेवड़ी बांटने की सीधा असर राज्यों की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। इससे एक ऐसा दुष्चक्र बनता है, जिसमें से राज्यों का निकलना दिनों-दिन मुश्किल होता जाता है। हर राज्य मुफ्त में वस्तुएं और सेवाएं बांटने की अपनी योजना पर अपने बजट का बड़ा हिस्सा खर्च करती हैं, जिससे उनका घाटा बढ़ता जाता है। घाटा पूरा करने के लिए सरकारों को बेतहाशा कर्ज लेना होता है और जैसे जैसे कर्ज बढ़ता है वैसे वैसे कर्ज का ब्याज चुकाने पर होने वाला खर्च बढ़ता है। आज स्थिति यह है कि ज्यादातर राज्यों के बजट का सबसे बड़ा हिस्सा कर्ज का ब्याज चुकाने में खर्च होता है। पंजाब के ऊपर अपने सकल घरेलू उत्पाद के 48 फीसदी के बराबर कर्ज है। राजस्थान पर 40 फीसदी और मध्य प्रदेश के ऊपर जीडीपी के 29 फीसदी के बराबर कर्ज है, जबकि यह जीडीपी के 20 फीसदी से ज्यादा नहीं होना चाहिए। भारी-भरकम कर्ज का नतीजा यह है कि पंजाब अपनी कमाई का 20 फीसदी हिस्सा ब्याज चुकाने में खर्च करता है। मध्य प्रदेश भी अपनी कमाई का 10 फीसदी हिस्सा ब्याज चुकाने में खर्च करता है। हरियाणा, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में भी कुल बजट आवंटन का 20 फीसदी या उससे ज्यादा हिस्सा कर्ज का ब्याज चुकाने में खर्च होता है। भारतीय रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट के मुताबिक देश के 15 राज्य ऐसे हैं, जिनके ऊपर उनकी जीडीपी के 30 फीसदी से ज्यादा कर्ज है।

राज्यों के ऊपर कर्ज इसलिए बढ़ रहा है क्योंकि उनको मिलने वाले राजस्व के मुकाबले उनके खर्च ज्यादा तेजी से बढ़ रहे हैं और खर्च बढ़ने का एक बड़ा कारण मुफ्त की चीजें और सेवाओं बांटने की होड़ है। इस साल मई में कर्नाटक में विधानसभा चुनाव हुआ तो कांग्रेस ने पांच गारंटी के तहत महिलाएं, युवाओं, किसानों सबको खुले हाथ से नकदी बांटने का ऐलान किया। कई सेवाएं मुफ्त में देने की घोषणा की। चुनाव जीतने के बाद जब आकलन हुआ तो पता चला कि मुफ्त की चीजें और सेवाएं बांटने की घोषणा को पूरा करने में हर साल करीब 55 हजार करोड़ रुपए का खर्च आएगा। इसे पूरा करने का नतीजा यह होगा कि राज्य का घाटा आठ फीसदी तक बढ़ेगा, जिसे पूरा करने के लिए उसे कर्ज लेना होगा। ऐसे ही पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद बिजली सब्सिडी में भारी बढ़ोतरी हुई है। वह 20 हजार करोड़ रुपए के करीब पहुंच गई है। आप सरकार ने कई और वस्तुएं और सेवाएं मुफ्त में देनी शुरू की है, जिससे उसका घाटा 45 फीसदी तक बढ़ सकता है।

भारतीय रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट के मुताबिक कई राज्य मुफ्त में वस्तुएं और सेवाएं देने की अपनी घोषणा पूरी करने के लिए अपनी कमाई का 35 फीसदी तक हिस्सा खर्च कर रही हैं। आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, मध्य प्रदेश, झारखंड आदि राज्य इस सूची में आते हैं। इनमें सबसे कम आठ फीसदी खर्च राजस्थान में होता है और सबसे ज्यादा 35 फीसदी पंजाब में। झारखंड और पश्चिम बंगाल जैसे गरीब राज्य भी क्रमशः 27 और 24 फीसदी खर्च करते हैं। मुश्किल यह है कि राज्य एक बार मुफ्त में चीजें और सेवाएं देने की घोषणा करने के बाद चुप होकर नहीं बैठ जाते हैं। वे हर चुनाव में नई घोषणाएं करते हैं। हर चुनाव में पहले से ज्यादा बड़ी घोषणा की जाती है। जैसे अभी खबर है कि केंद्र सरकार किसान सम्मान निधि की रकम को बढ़ाने जा रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव के समय हर साल किसानों के खाते में छह हजार रुपए डालने की योजना शुरू हुई थी और पांच साल बाद सरकार उसको बढ़ा कर आठ हजार रुपए करने जा रही है। मुफ्त में पांच किलो अनाज देने की योजना भी 31 दिसंबर के बाद बढ़ाई ही जाएगी। उधर राज्यों में नकद पैसे बांटने और मुफ्त में बिजली, पानी, बस सेवा आदि देने की होड़ अलग मची है।

तभी ऐसा लग रहा है कि अब समय आ गया है कि इस तरह की घोषणाओं पर रोक लगाई जाए। लोक कल्याणकारी योजनाओं और मुफ्त की रेवड़ी के बीच एक स्पष्ट रेखा खींची जाए। इसमें यह ध्यान रखना होगा कि किसी के साथ पक्षपात न हो। यह नहीं होना चाहिए कि केंद्र सरकार किसानों को नकद पैसे दे या अनाज मुफ्त में दे या रसोई गैस का सस्ता सिलेंडर दे तो उसे लोक कल्याण की योजना माना जाए और किसी दूसरी पार्टी की सरकार महिलाओं को नकद पैसे दे या बिजली व पानी मुफ्त में या सस्ती दर पर दे तो उसे मुफ्त की रेवड़ी माना जाए! ऐसा होने पर स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव की अवधारणा प्रभावित होगी। सर्वोच्च अदालत, चुनाव आयोग और भारतीय रिजर्व बैंक को केंद्र व राज्य सरकारों और राजनीतिक दलों की सहमति से इस मामले में नियम तय करने चाहिए।

सरकारों का कर्तव्य सामूहिक कल्याण सुनिश्चित करने का है, लेकिन दुर्भाग्य से पिछले कुछ समय से उसे निजी कल्याण में बदल दिया गया है। एक निश्चित समूह को लक्ष्य करके मुफ्त में चीजें और सेवाएं बांटी जा रही हैं और वोट सुनिश्चित किया जा रहा है। गरीबों को दो सौ यूनिट तक बिजली फ्री करके मध्य वर्ग और अमीरों से उसकी ज्यादा कीमत वसूली जा रही है। इसकी बजाय सरकारें बिजली का उत्पादन बढ़ा कर और वितरण बेहतर करके सबके लिए उसकी कीमत सस्ती कर सकती है। लेकिन इसका तात्कालिक लाभ नहीं मिलेगा। दिल्ली की जो सरकार हर घर में पीने का साफ पानी सुचारू रूप से नहीं पहुंचा सकती है वह पानी मुफ्त में देने की योजना का चुनावी लाभ ले रही है। सोचें, लोक कल्याणकारी राज्य भारत में देश की ज्यादातर आबादी को नल से जल नहीं मिलता है। यानी पीने का साफ परिष्कृत पानी नहीं मिल पाता है, जबकि यह सरकार की बुनियादी जिम्मेदारी बनती है।

बहरहाल, अगर सरकारें ढांचागत विकास के रास्ते पर चलेंगी तो उसे फलीभूत में होने में समय लगेगा। इसलिए पार्टियां शॉर्टकट अपनाती हैं। इसका नतीजा यह हुआ है कि ढांचागत विकास ठप्प हो गया है। रोजगार सृजन करने वाली योजनाओं पर काम नहीं हो रहा है। अगर सरकारें गंभीरता दिखाएं तो उनके सामने इसी देश के एक राज्य केरल की मिसाल है, जहां एक के बाद एक बनी सरकारों ने चाहे वह कांग्रेस की सरकार हो या लेफ्ट की उसने संरचनागत विकास पर ध्यान दिया। इसका नतीजा यह है कि वहां मुफ्त में कुछ भी बांटने की जरूरत नहीं होती है। वहां शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य तक की सुविधाएं सबसे बेहतर हैं। केरल में सरकार मुफ्त में चीजें बांटने पर बजट का 0.1 फीसदी खर्च करती है। सोचें, कहां किसी राज्य में 35 फीसदी खर्च होता है और कहां एक राज्य में एक फीसदी का दसवां हिस्सा खर्च होता है!

–अजीत द्विवेदी–

## आंगन में आईं मैरया



आज आंगन में......
आज आंगन में आई हैं मैय्या,
झारा खुशियों का लाई हैं मैय्या।
आज आंगन में ...
आओ फूलों की डलियां सजालो,
चम्पा,मोगर,गुलाब सब डालो।
आज आंगन में.....
मैय्या ने है सभी को पुकारा,
मैय्या का भी लगाएं जयकारा।
आज आंगन में ...
धागा मैय्या का बांधे कलाई,
और जग की करें हम भलाई।
आज आंगन में ...
चूनर में सजी हैं मैय्या,
दीपों की लड़ी हैं मैय्या,
आज आंगन में ....
घुंघरू और पायलिया बाजे,
मैय्या भी थाप पर नाचे।
आज आंगन में .....
मैय्या के दरष को तरसे,
देख झूम के मन मेरा हरषे।
आज आंगन में ...
भोले ही मैय्या को लाए ,
मन भर के मुस्कानें लाए ।
आज आंगन में ....
आओ स्वागत करें मैय्या का,
झोला भर लें सभी खुशियों का।
आज आंगन में ...



कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी राम
गांधीनगर,इन्दौर,
मध्यप्रदेश

# राजस्थान में भाजपा को कांग्रेस से ज्यादा अपने लोगों की चुनौतियों से जूझना पड़ रहा...

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में अगले विधानसभा चुनाव के टिकटों को लेकर अंदरूनी गुटबाजी सामने आ रही है। आगामी नवंबर महीने में देश के पांच प्रदेशों- मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान व तेलंगाना में विधानसभा के चुनाव होने हैं। भाजपा ने अभी तक मध्य प्रदेश में 136 सीटों पर छत्तीसगढ़ में 84 सीटों पर व राजस्थान में 41 सीटों पर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर कांग्रेस पर बढ़त तो बना ली है। मगर भाजपा की सूची में बहुत से मौजूदा विधायकों व पूर्व में प्रत्याशी रहे नेताओं के नाम काट दिए जाने से पार्टी में विरोध की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

विभिन्न चुनावी एजेंसियों द्वारा किये गए सर्वे के आधार पर भाजपा ने पार्टी विरोधी लहर को रोकने के लिए बहुत-सी सीटों पर प्रत्याशियों में फेरबदल किया है। भाजपा द्वारा राजस्थान में 6 लोकसभा व एक राज्यसभा सदस्य को, मध्य प्रदेश में तीन केंद्रीय मंत्रियों सहित सात लोकसभा सदस्यों के साथ पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय को मैदान में उतारा गया है। इसी तरह छत्तीसगढ़ में केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह सहित चार सांसदों को चुनाव मैदान में उतर गया है। हालांकि भाजपा ने केंद्रीय मंत्रियों व सांसदों को उन्हीं सीटों पर मैदान में उतारा है जहां पार्टी लगातार चुनाव हार रही है। मगर सांसदों को विधानसभा चुनाव में टिकट देने से उस क्षेत्र में विरोध की स्थिति पैदा हो गई है। कई क्षेत्रों में प्रत्याशी पिछले पांच साल से चुनाव की तैयारी कर रहे थे। वहां सांसदों को टिकट देने से उनमें नाराजगी व्याप्त हो रही है।राजस्थान के जयपुर में विद्याधर नगर सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत के दामाद नरपत सिंह राजवी मौजूदा विधायक हैं। उन्होंने पिछला विधानसभा चुनाव करीबन 31232 वोटों से जीता था। उनका टिकट कटने से उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए यहां तक कह दिया कि मेरा टिकट काटकर मुगलों के सामने घुटने टेकने वालों को टिकट देना कहां का इंसाफ है। हालाँकि बाद में राजवी अपने बयान से पलट गए। दीया कुमारी अभी राजसमंद से सांसद हैं तथा 2013 में सवाई माधोपुर से विधायक रह चुकी हैं।

जयपुर की झोटवाड़ा विधानसभा सीट से राजपाल सिंह शेखावत का टिकट काट कर उनके स्थान पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री व जयपुर ग्रामीण सांसद राज्यवर्धन राठौड़ को मैदान में उतारा गया है। टिकट काटने पर राजपाल शेखावत के समर्थकों ने भाजपा मुख्यालय पर जाकर जमकर बवाल मचाया। राजपाल शेखावत कई बार विधायक तथा राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। राज्यवर्धन सिंह राठौड़ लगातार दो बार जयपुर ग्रामीण से सांसद का चुनाव जीत चुके हैं। अजमेर के सांसद भागीरथ चौधरी को किशनगढ़ से विधानसभा का टिकट दिया गया है। पिछले चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे विकास चौधरी तो अपने टिकट काटने पर रोने लगे तथा कहा कि पैसों के बल पर टिकट दी गई है। राजस्थान में भाजपा के हिन्दुवादी चेहरे अलवर सांसद महंत बालकनाथ को तिजारा से मैदान में उतारा गया हैं। वहां भाजपा के पूर्व विधायक मास्टर मामन सिंह यादव ने बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ने कि घोषणा कर दी है। राज्यसभा सांसद किरोड़ीलाल मीणा को सवाई माधोपुर सीट से प्रत्याशी बनाया।

किरोड़ीलाल मीणा 5 बार विधायक, दो बार लोकसभा सदस्य व एक बार राज्यसभा सदस्य तथा राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं।

–रमेश सर्राफ धमोरा–

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# आज से शारदीय नवरात्र...मंदिरों में प्रज्ज्वलित होंगे मनोकामना ज्योति कलश

- संवाददाता -

अंबिकापुर,14 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

शारदीय नवरात्रि पर देवी मंदिरों में भक्तों की खासी भीड़ जुटने की उम्मीद जताई जा रही है। पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 6 बजे से शुरू है। महामाया मंदिर में मां के श्रृंगार के बाद भक्त दर्शन करना शुरू कर देंगे। वहीं प्राण प्रतिष्ठा राजपुरोहित द्वारा विशेष पूजा अर्चना के साथ की जाएगी। नवरात्रि में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने के मद्देनजर मंदिर समिति द्वारा सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। वहीं सुरक्षा के लिए पुलिस बल भी तैनात किए गए हैं। सरगुजा पुलिस द्वारा भी सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी लगाए जाएंगे। मंदिर के मुख्य पुजारी सहित अन्य पुरोहितों द्वारा सामूहिक मंत्रोच्चार के साथ ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। महामाया मंदिर के पुजारी ने बताया कि इस वर्ष पूरे 9 दिनों की नवरात्रि है। मां महामाया मंदिर के साथ शहर के गांधी चौक स्थित दुर्गा मंदिर शक्तिपीठ, गायत्री मंदिर, कुदरगढ़ मंदिर, लुचकी घाट स्थित काली मंदिर, केनापारा मंदिर, पुलिस लाइन स्थित गौरी मंदिर, संत हरकेवाल दुर्गा मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। गांधी चौक स्थित दुर्गा मंदिर में भी लगभग चार हजार से अधिक ज्योति कलश प्रज्ज्वलित होंगे।



अंबिकापुर स्थित मां महामाया देवी व समलेश्वरी देवी की हर वर्ष परंपरानुरूप शारदीय नवरात्र मूर्ति का जलाभिषेक कराया जाता है। अभिषेक से मूर्ति पूर्णता को प्राप्त हो जाती है और खंडित होने का दोष समाप्त हो जाता है। वहीं पुरातन परंपरा के अनुसार शारदीय नवरात्रि पर सरगुजा महाराज महामाया मंदिर में आकर पूजा अर्चना करते हैं। धार्मिक मान्यता है कि जागृत शक्तिपीठ के रूप में मां महामाया सरगुजा राजपरिवार की अंगरक्षिका के रूप में पूज्य हैं।



शारदीय नवरात्रि के आरंभ होने के साथ शुभ कार्य भी आरंभ हो जाएंगे। पूरे पखवाड़े भर पितृपक्ष के कारण शुभ व मांगलिक कार्यों पर विराम लगा हुआ था। मां जगदंबा की प्रतिमा स्थापित करने के लिए शहर में जगह-जगह पंडाल बनाए गए हैं। नवरात्र के पहले दिन से देवी पंडालों में मां दुर्गा की पूजा शुरू हो जाएगी। दुर्गा पूजा की धूम दिखाई पड़ रही है। पूजा समिति के सदस्य रैली की शक्ल में मां दुर्गा की प्रतिमाएं लेने पहुंचे और लाकर पूजा पंडाल में स्थापित किया।



## चुनाव की तिथि आगे बढ़ाने की मांग

- संवाददाता -

अंबिकापुर,14 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

विधानसभा चुनाव का दूसरा चरण व छठ की तिथि एक दिन होने के कारण भाजपा सरगुजा ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखकर तिथि बढ़ाने की मांग की है। भाजपा ने निर्वान आयुक्त से आग्रह किया है कि छठ महापर्व आस्था व धूमधाम के साथ मनाया जाता है। श्रद्धालु दो दिनों तक निर्जला रहते हैं। इस लिए 17 नवंबर को चुनाव होने से अधिकतर मतदाता अपने मत का उपयोग नहीं कर पाएंगे। इस स्थिति में वोटिंग प्रतिशत गिर सकता है। ज्ञापन सौंपने वालों में ललन प्रताप सिंह जिलाध्यक्ष भाजपा, अभिषेक शर्मा, मधुसूदन शुक्ला, अभिमन्यु गुप्ता शामिल रहे।

## छात्र-छात्राओं को बताया गया एस्ट्रोनॉट बनने के तौर तरीके

- संवाददाता -

अंबिकापुर,14 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

शहर के मल्टीपरपज स्कूल में आज शनिवार को अंतरिक्ष ज्ञान अभियान के तहत एक संस्था द्वारा एस्ट्रोनॉट बनने के तौर तरीकों के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया गया। जिससे कि सरगुजा के बच्चे भी अपनी सहभागिता



अंतरिक्ष में दिखा सके। कार्यक्रम में सैकड़ों बच्चों की उपस्थिति बता रही है कि अंतरिक्ष को लेकर उनमें कितना जिज्ञासा है। दरसअल इग्निटिंग ड्रीम्स ऑफ यंग माइंडस फाउंडेशन संस्था द्वारा छत्तीसगढ़ में अंतरिक्ष ज्ञान अभियान के तहत स्कूल के बच्चों को अंतरिक्ष के बारे में बताने के साथ ही एस्ट्रोनॉट बनने के लिए किन-किन बातों को ध्यान में रखकर पढ़ाई की जा सकती है विषय पर बताया गया। छात्र-छात्राओं ने अपनी जिज्ञासा वश कई सवाल भी किये। इन सभी बातों को अंबिकापुर के मल्टीपरपज स्कूल के छात्र-छात्राओं को बताया गया । इग्नाइटिंग ड्रीम ऑफ यंग माइंडस फाउंडेशन संस्था के प्रेसिडेंट रत्नेश मिश्रा ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य यह है कि रॉकेट बनाने से लेकर अंतरिक्ष तक पहुंचाने की प्रक्रिया से बच्चों को अवगत कराया जाए। इधर स्कूल के छात्र- छात्राओं ने भी बखूबी अंतरिक्ष में सैटेलाइट और रॉकेट के बारे में समझा और अपनी जिज्ञासा को जागते हुए एस्ट्रोनॉट बनने की इच्छा भी जाहिर करते हुए नजर आए।

## कायस्थ समाज ने चुनाव बहिष्कार करने का बनाया मन



- संवाददाता -

अंबिकापुर,14 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ में ढाई करोड़ की आबादी वाले राज्य में कायस्थ समाज की पौने दो लाख की जनसंख्या है। बावजूद इसके कायस्थ समाज के द्वारा चुनाव का बहिष्कार करने का मन बना लिया है। क्योंकि कायस्थ समाज को किसी भी पार्टी द्वारा प्रतिनिधित्व करने का मौका नहीं दिया है. जिसको लेकर खास रोस देखा जा रहा है। दरअसल अंबिकापुर के चित्रगुप्त मंदिर में कायस्थ समाज द्वारा बैठक आयोजित की गई। जिसमें उनके द्वारा कहा गया कि जिस तरह से कायस्थ समाज को कांग्रेस हो या भाजपा दोनों के द्वारा उपेक्षित किया जा रहा है। जहां कायस्थ समाज हर क्षेत्र में अपनी सहभागिता दिखा रहा है। लेकिन अब तक किसी भी पार्टी ने कायस्थ समाज से विधानसभा प्रत्याशी नहीं उतरा है। जिससे नाराज कायस्थ समाज के लोगों द्वारा घर-घर जाकर चुनाव बहिष्कार करने के साथ ही नोटा में वोट दबाने की अपील करने की बात कही है। अब देखना होगा कि पौने दो लाख की आबादी वाले कायस्थ समाज का कितना असर दोनों पार्टियों पर पड़ता है। यह तो आने वाला वक्त बताएगा।

## महूली पंचायत भवन हुआ जर्जर,दुर्घटना के आसार







» सूरजपुर जिले के चांदनी बिहरपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत महूली के पंचायत कार्यालय हुआ जर्जर

- ओंकार पाण्डेय -

सुरजपुर,14 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

गांवों और ग्रामीणों की दशा सुधारने के लिए सरकार हर ग्राम पंचायत में ऐसे भवनों का निर्माण करवाती है जहां ग्रामीण और पंचायत प्रतिनिधि गांवों की समस्या और विकास के मुद्दों पर सभा का आयोजन कर उसके निवारण की रूपरेखा बनायी जा सके, मगर जिले में ऐसे भी ग्राम पंचायत भवन है जो अत्यंत जर्जर हो गया है. कुछ महीनों पूर्व पंचायत भवन का रंगरोगन कर इसे बाहर से चमका दिया गया था, लेकिन अंदर का हाल बहुत ही खराब है. छत का प्लास्टर टूटकर गिर रहा है और दरारें भी आय गई है, जिससे कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है।

### जर्जर ग्राम पंचायत भवन

पंचायत भवन का हाल देखते हुये पंचायत प्रतिनिधि इसे बंद रखते है और कोई बैठक आयोजित नहीं की जाती है. पंचायत भवन की खतरनाक स्थिति को देखते हुए पंचायत प्रतिनिधि वेबस हैं. कई बार नया पंचायत भवन बनाने के लिए आवेदन भी दिये, नए भवन की स्वीकृति नहीं मिली और ना ही इस ओर कोई पहल की गई।

### आधार सेवा केन्द्र

ग्रामीणों के अनुसार हर साल जर्जर पंचायत भवन की मरम्मत के नाम से पैसे का आहरण किया जारहा हैं, लेकिन भवन की स्थिति में सुधार नहीं हो सका है. ग्रामीणों के अनुसार पहले गांव की बैठकें इसी भवन में आयोजित की जाती थी लेकिन रखरखाव के अभाव में भवन जर्जर होने के बाद इस ओर देखने वाला कोई नहीं है.

## अजिरमा में साप्ताहिक बाजार NH43 रोड में लगने से राहगीरों को काफी दिक्कत

- संवाददाता -

अम्बिकापुर,14 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।



शहर से लगे शहर से लगे अजिरमा में साप्ताहिक बाजार NH43रोड में लगने से एम्बुलेंस व राहगीरों को काफ़ी दिक्कत का सामना करना पड़ता है पिछले बुधवार को एक ऐबूलेनश में मरीज़ को हास्पिटल ले जा रहा था लेकिन वह एम्बुलेंस सही समय पर हास्पिटल नही पहुंच पाया जिससे मरीज की मृत्यु हो गई। मैं कमल कांत सेन जनसेवक कई बार साप्ताहिक बजार के सुरक्षा के बारे में पंचायत प्रतिनिधियों व पुलिस प्रशासन को आवेदन देकर व मीडिया के मध्यम से अवगत कराया जाता है लेकिन उसके बाद भी साप्ताहिक बजार में सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम नही है यहां वर्षो से असुरक्षित तरीके से बजार लग रहा है वाहनों के लिये पार्किंग की यवशथा नही है ऐसे में लोग सड़क पर ही वाहन पार्क करते हैं साप्ताहिक बजार में भीड़ की नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल की ड्यूटी नहीं लगाई जाती है, और न ही पंचायत से कोई व्यवस्था रहता है बस बाजार का पैसा उसूली किया जाता है सुविधा के नाम पर कुछ भी नहीं है। लगातार भारी वाहनों का आवागमन लगातार रहता है सड़क पर लग रही बाजार से हर वक्त हादसे का खतरा बना रहता है सड़क पर बाजार की बजह से यहां घंटों जाम की स्थिति भी आए दिन निर्मित होती है मेरा पंचायत प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि सुरक्षा के उपाय किए जाएं और वाहनों के लिए पार्किंग व्यवस्था किया जाए। में लगने से एम्बुलेंस व राहगीरों को काफ़ी दिक्कत का सामना करना पड़ता है पिछले बुधवार को एक एम्बुलेंस में मरीज़ को हास्पिटल ले जा रहा था लेकिन वह एम्बुलेंस सही समय पर हास्पिटल नही पहुंच पाया जिससे मरीज की मृत्यु हो गई। मैं कमल कांत सेन जनसेवक कई बार सप्ताहिक बजार के सुरक्षा के बारे में पंचायत प्रतिनिधियों व पुलिस प्रशासन को आवेदन देकर व मीडिया के मध्यम से अवगत कराया जाता है लेकिन उसके बाद भी साप्ताहिक बजार में सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम नही है यहां वर्षो से असुरक्षित तरीके से बजार लग रहा है वाहनों के लिये पार्किंग की व्यवस्था नहीं है ऐसे में लोग सड़क पर ही वाहन पार्क करते हैं साप्ताहिक बाजार में भीड़ की नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल की ड्यूटी नहीं लगाई जाती है ,और न ही पंचायत से कोई व्यवस्था रहता है बस बाजार का पैसा उसूली किया जाता है सुविधा के नाम पर कुछ भी नहीं है। लगातार भारी वाहनों का आवागमन लगातार रहता है सड़क पर लग रही बाजार से हर वक्त हादसे का खतरा बना रहता है सड़क पर बाजार की बजह से यहां घंटों जाम की स्थिति भी आए दिन निर्मित होती है मेरा पंचायत प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि सुरक्षा के उपाय किए जाएं और वाहनों के लिए पार्किंग व्यवस्था किया जाए।

## स्कूल परिसर में गैस सिलेंडर फटने के मामले में पुलिस ने दर्ज किया एफआईआर

- संवाददाता -

अंबिकापुर,14 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

शहर के घड़ी चौक स्थित स्वामी विवेकानंद विद्यानिकेतन स्कूल परिसर में गुरूवार की दोपहर बड़ा गुब्बरा फुलाने के दौरान सिलेंडर ब्लास्ट के मामले में कोतवाली पुलिस ने गुब्बारा में गैस भर रहे युवकों और हिन्दू युवा एकता मंच के सदस्यों के खिलाफ धारा 447, 285, 336, 337, 34 के तहत अपराध दर्ज कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई शुरू की गई है। पुलिस के मुताबिक आरंभिक जांच में सिलेंडर भी अमानक पाया गया है। विदित हो कि इस घटना में 36 स्कूली बच्चे और गुब्बारा में सिलेंडर से गैस भर रहे पांच अन्य युवक भी घायल हो गए थे। खबर पर कलेक्टर कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा के द्वारा भी स्थल का निरीक्षण कर घटना की जानकारी लेते हुए दोषियों को कड़ी कार्रवाई के नर्दिश दिए थे। घटना के दूसरे दिन आज घायल हुए लगभग सभी बच्चों की हालत सामान्य बताई जा रही है वहीं गंभीर रूप से जख्मी अन्य पांच युवकों की हालत में भी सुधार है।

# नगर पंचायत लखनपुर आबादी क्षेत्र में घुसा 11 हाथियों का दल

» फिल्टर प्लांट के ट्रांसफार्मर पर दो हाथी को लगा करंट की झटके से वही गिरे फिर उठ खड़े होकर चलने लगे

» वन विभाग पूरी तरह निष्क्रिय क्षेत्र वासियों में वन विभाग के प्रति जन आक्रोश का भाव बहुत बड़ी घटना होने से टली

- संवाददाता -

लखनपुर,14 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

11 हाथियों का दल लखनपुर नगर पंचायत आबादी क्षेत्र में दिन शनिवार को सुबह लगभग 5 से 6 बजे के मध्य गुस्सा जिससे आबादी क्षेत्र में आपाधापी चारों तरफ मच गई। नगर वासियों के द्वारा शोर मचाकर हाथियों के दल को भगाया गया। जिसमें मुख्य रूप से नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा आबादी क्षेत्र से बाहर करने का प्रयास किया गया । राष्ट्रीय राजमार्ग अंबिकापुर बिलासपुर को पार कर 11 हाथियों का दल नजदीकी जंगल में अभी भी डेरा जमाये हुआ है।

वहीं विगत एक माह से लगातार 11 जंगली हाथियों का दल राष्ट्रीय राजमार्ग अंबिकापुर बिलासपुर में लगातार बाधित करने का खबर चल रहा है यह 11 हाथियों का दल सूरजपुर जिले के प्रेम नगर होते हुए उदयपुर वन परिक्षेत्र में प्रवेश किया इसके उपरांत उदयपुर विकासखंड के जजगा के आसपास गांव में लगातार स्वच्छंद विचरण कर रहा है। 11 हाथियों के दल के द्वारा पूर्व में एक ग्रामीणों को कुचलकर मारने की घटना को भी अंजाम दे चुके हैं वहीं क्षेत्र में 11 हाथियों का दल क्षेत्र में आसपास ग्राम पंचायत तक सीमित था लेकिन 14अक्टूबर दिन शनिवार को तड़के सुबह लगभग 5 से 6 बजे के मध्य नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 1 , वॉर्ड 02, वॉर्ड क्रमांक 15 रिहायशी क्षेत्र में प्रवेश किया जिसमें लगभग तीन हाथी के बच्चे भी देखे गए और वह फिल्टर प्लांट के पास लगे ट्रांसफार्मर विद्युत






करंट के पास तीन शकों को करंट के झटके लगने से गिर गए और पुनः फिर से खड़े होकर चलने लगे इस पूरी घटना क्रम में वन विभाग का आधिकारी-कर्मचारी पूरी तरह से नदारत रहे। कहीं भी सूचना या लोगों को सचेत करने की घटनाक्रम नहीं देखी गई जिससे क्षेत्र वासियों के द्वारा वन विभाग के प्रति जन आक्रोश की भाव बनी हुई है वन विभाग अपने दायित्व से काफी दूर दिख रही है कहीं भी जनधन की हानि भी होने की संभावना बनी रहती है वहीं 11 हाथियों के दल के द्वारा धान की लगी फसल सहित मक्का बाजरा को भी काफी नुकसान पहुंचाया गया है।

रियासी क्षेत्र में नगर पंचायत लखनपुर क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1 -2 और 3 में काफी घनी आबादी वाला क्षेत्र है। जहां लोगों द्वारा शोर मचाकर हाथियों को किसी तरह से खदेड़ा गया। जब हाथियों का दल ग्राम गाड़ी पहुंचा तो घरों से निकलकर लोग सुरक्षित स्थान की ओर भागे सूचना उपरांत लखनपुर पुलिस व डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और हाथियों से दूर रहने ग्रामीणों को सलाह दी। अंबिकापुर बिलासपुर नेशनल हाईवे 130 को पार करते समय लगभग 15 मिनट तक आवागमन अवरुद्ध रहा और सड़क के दोनों ओर वाहनों के पहिए थम गए। वही दुसरी ओर वन विभाग के अधिकारी लखनपुर मुख्यालय के बजाय संभाग मुख्यालय अंबिकापुर में निवास रथ होने के कारण कोई भी वन आधिकारि कर्मचारी यहां उपस्थित नहीं हो पाया जिसके कारण आम नागरिक पूरी तरह से परेशान और हलकान रहे।


श्री श्री 1008
श्री महाराज अग्रसेन जी
की जयंती पर हार्दिक बधाई
'' जिनके हृदय में दूसरे का हित बसता है,
उनको जगत में कुछ भी दुर्लभ नहीं है,
जो इपने जैसा दूसरों को भी
सुखी देखने की कामना करते हैं,
उनके पास रहने से विद्या प्राप्त होती है
और अज्ञानता का अंधकार दूर होतो है।''
शारदीय नवरात्र
की हार्दिक शुभकामनाएं...
Smt. Durga Sanjay Mittal
Sanjay Mittal
President
Agrawal Sabha, Ambikapur
& State Vice President
Chhattigarh Coal Association
• HIND UNITRADE PVT LTD, AMBIKAPUR
• SHRI HANUMAN COAL PVT LTD, AMBIKAPUR
• PAWANJAY SPONGE IRON LTD, ROURKELA
• GOVINDAM PROJECTS PVT LTD, ROURKELA
• BARBARIK ALLOYS AND POWER PVT LTD, AMBIKAPUR
• BHATIA ENERGY AND MINERALS (SUNDARGARH) PVT LTD

# क्या भाजपा प्रत्याशी भईयालाल राजवाड़े को शैलेश शिवहरे व देवेंद्र तिवारी का मिलेगा साथ या कृष्ण बिहारी व अंचल लगाएंगे नईया पार ?

**क्या भाजपा प्रत्याशी की मजबूरी बने भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष अंचल राजवाड़े ?**

**लगातार साथ में कर रहे दौरा,कार्यकर्ताओं में भी दिखने लगा असंतोष**

**शैलेश शिवहरे व देवेंद्र तिवारी समर्थकों ने बनाई भईयालाल राजवाड़े से दूरी,देवेंद्र तिवारी ने तो भरतपुर सोनहत का ले लिया प्रभार**

**भईयालाल राजवाड़े को भले ही जनता का समर्थन मिल सकता है पर अपने पार्टी के दो दिग्गजों की नाराजगी उन्हे नुकसान पहुंचा सकता है**

**पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष सहित कुछ पुराने समर्थक भी उनके लिए बन सकते हैं मुसीबत,पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष पर लगा है गंभीर आरोप**

## राजनीति भी गजब का खेल है...

राजनीति को समझना बड़ा ही कठिन है,जो दिखता है वो होता नही और जो होता है वह दिखता नहीं,कहा जाए तो बैंक के एक फ्राड मामले में जो कि एक गंभीर विषय है,इसमें अंचल राजवाड़े की भूमिका भी बतलाई जाती है,कुछ समय पहले इसमें मामला भी दर्ज हुआ है,420 जैसे धाराओं के लगने बाद कुछ माह फरारी काटने के बाद तात्कालिक भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंचल राजवाड़े को भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल ने एड़ी चोटी एक कर हटवाया था और हितेश सिंह को जिलाध्यक्ष बनवाया,उस समय भईयालाल राजवाड़े और कृष्णबिहारी जायसवाल में काफी दूरी बन गई थी,क्योंकि अंचल राजवाड़े भईयालाल राजवाड़े के खास समर्थक थे तो उन्हें हटाया जाना भईयालाल राजवाड़े को मंजूर नहीं था लेकिन अग्रिम जमानत लेकर आने के बाद अंचल राजवाड़े की पुनः भाजपा में सक्रियता देखी जाती है,उन्होंने अपना जन्मदिवस भी धूमधाम से मनाकर खुद को राजनीति में स्थापित करने की कोशिश की थी लेकिन समय गुजरते ही अब भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल और अंचल राजवाड़े कई कार्यक्रम में एक साथ देखे जाते हैं,भाजपा उम्मीदवार भईयालाल राजवाड़े के दौरे में भी अगल बगल उक्त दोनों नेता देखे जा रहे हैं,जो कि कुछ माह पहले ही एक दूसरे के धुर विरोधी माने जाते थे।

## अंचल की सक्रियता का फायदा या नुकसान

युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष अंचल राजवाड़े की कार्यशैली से कई कार्यकर्ता और भईयालाल राजवाड़े के कई चहेते लोग भी नाखुश हैं,पिछले चुनाव में हार के बाद कहीं न कहीं ये बात आई थी कि इसमें अंचल राजवाड़े का भी बड़ा योगदान है,उनके इर्द गिर्द रहने से कई जगह वोट का नुकसान भी हुआ था,कई युवा कार्यकर्ता भी भईयालाल राजवाड़े से सिर्फ इसलिए दूर दिखलाई देते हैं क्योंकि उनके पास कुछ ऐसे लोगो का जमाव रहता है जो कि अपना स्वार्थ सिद्ध करते हैं और उन्हें भड़काकर अपना उल्लू सीधा करते हैं। अंचल राजवाड़े के ऊपर आपराधिक मामला दर्ज है वहीं भईयालाल राजवाड़े को अब फिर से मैदान में उतारा गया है,अंचल राजवाड़े लगातार सक्रिय रहकर खुद को भईयालाल राजवाड़े का खास बताने से भी नही चूक रहे हैं ऐसे में भाजपा उम्मीदवार के रूप में अंचल राजवाड़े की छवि के कारण उन्हे फायदा होगा या नुकसान यह तो समय बताएगा लेकिन इससे वर्तमान में भाजपा के कार्यकर्ता ही असंतुष्ट नजर आ रहे हैं।अंचल राजवाड़े के बारे में यह भी कहा जाता है की वह हाइजैक करके चलते हैं भईयालाल राजवाड़े को और वह भईयालाल राजवाड़े व आम जनता के बीच एक मध्यस्थ बनकर काम करने का इरादा रखते हैं जैसा वह पहले भी करते रहें हैं जब भईयालाल राजवाड़े मंत्री थे और जिसका प्रभाव गलत पड़ा था आम लोगों पर और भईयालाल राजवाड़े की भी सरल सहज छवि में यह दाग लगा था की उनके निर्णय के बीच एक दीवार है जिसके बाद की वह निर्णय ले पाएंगे,अंचल राजवाड़े शासकीय विभागों में भी उस समय सक्रिय थे और उसी समय थोड़ी बहुत उनकी पहचान बन सकी थी जिसके बाद एक धोखाधड़ी उन्होंने की जिसका आरोप उनपर लगा जिसने उनके राजनीतिक कैरियर को ही समाप्त कर दिया और उन्हे भाजपा से भाजयुमो जिलाध्यक्ष पद से हटा दिया गया।

## कुछ पुराने समर्थकों से फिर से घिरने की वजह से फिर न हो जाए भईयालाल राजवाड़े को नुकसान,पिछली बार वही बने थे हार का कारण

## जिन्हें जनता नहीं करती पसंद वह ही दिख रहे भईयालाल राजवाड़े के साथ,घेरा बनाना उन्होंने शुरू किया



-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,14 अक्टूबर 2023
(घटती-घटना)।

विधानसभा चुनाव की तिथि निर्धारित होते व आचार संहिता लगते ही राजनीतिक पार्टियां जनसंपर्क में अपनी ताकत झोंक रही हैं, जहां प्रत्याशी तय हो गए हैं वहां तो जनसंपर्क शुरू हो गया है पर वहीं प्रत्याशी तय होने के बाद पार्टियों के अंदर खाने का आक्रोश भी खत्म नहीं हो रहा है, अपने-अपने पार्टी से ही भीतरघात करने के लिए अंदर खाने की तैयारी शुरू हो चुकी है, कुछ ऐसा ही बैकुंठपुर विधानसभा में देखने को मिल रहा है भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व कैबिनेट मंत्री भईयालाल राजवाड़े को भाजपा से प्रत्याशी घोषित कर दिया है पर इसके बाद भाजपा के दो बड़े नेता शैलेश शिवहरे व देवेंद्र तिवारी की दूरी लगातार देखने को मिल रही है, जहां इन दोनों नेताओं को भाजपा के द्वारा घोषित प्रत्याशियों के साथ दिखना चाहिए था वहां यह अलग-अलग दिख रहे हैं, वहीं पूर्व कैबिनेट मंत्री भी अकेले ही प्रयास करते नजर आ रहे हैं, उनके पास इस समय युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष व वर्तमान जिला अध्यक्ष की टीम ही नजर आ रही है, जबकि बैकुंठपुर शहर के लिए शैलेश शिवहरे का काम करना जरूरी है तो वहीं कई क्षेत्र देवेंद्र तिवारी के समर्थकों का आता है पर इस समय गुटबाजी साफ दिख रही है, शैलेश शिवहरे व देवेंद्र तिवारी गुट पूरी तरीके से भईयालाल राजवाड़े से किनारे किए हुए बैठा है, भाजपा प्रत्याशी भईयालाल राजवाड़े इन दोनों नेताओं को कैसे मना कर अपने साथ लाएंगे यह बड़ा सवाल है और इन नेताओं का एक होना भाजपा के लिए भी जरूरी है।

वैसे इस समय भाजपा ने एक बार फिर पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े को बैकुंठपुर विधानसभा से उम्मीदवार बनाया है इसके बाद उनके साथ भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष अंचल राजवाड़े की सक्रियता दिखाई देने लगी है, उच्च न्यायालय से अग्रिम जमानत पर चल रहे अंचल के सक्रिय होने से कई भाजपा कार्यकर्ता निराश देखे जा रहे हैं। लोगो का कहना है कि भाजपा उम्मीदवार के अंचल राजवाड़े हितैषी हैं,जिसके कारण उनका दौरा साथ चल रहा है,मालूम हो कि अंचल राजवाड़े की कार्यशैली से भाजपा का एक बड़ा वर्ग नाराज रहता है और उनका विरोधी भी है वह और उनके सक्रिय रहने पर भईयालाल राजवाड़े को कई जगह वोटों का भी नुकसान हो सकता है क्योंकि उनके ऊपर जो आरोप लगे हैं जिनमे वह उच्च न्यायालय से जमानत में हैं वह आरोप आदिवासी समाज के एक व्यक्ति के साथ आर्थिक गड़बड़ी करने का आरोप है और जिसके आरोप में अभी वह दोषमुक्त नहीं हैं और यदि वह भईयालाल राजवाड़े के साथ नजर आते हैं तो उन्हे नुकसान होना तय है वहीं अंचल राजवाड़े की बढ़ती सक्रियता देखकर यह भी लोग कहते सुने जा रहे हैं की अंचल राजवाड़े भईयालाल राजवाड़े को एक तरह से फिर हाइजैक करने में लगे हुए हैं और यदि ऐसा हुआ तो आम जनता का भईयालाल राजवाड़े से चुनाव जितने के बाद सीधा संपर्क समाप्त हो जायेगा और वह हर काम में सीधा हस्तक्षेप फिर करने लगेंगे जो पहले से ही लोगों को क्षेत्र के नापसंद चला आता रहा है।

## अंचल राजवाड़े यदि अभी दोषमुक्त नहीं हैं तो क्या भाजपा प्रत्याशी के साथ उनके भ्रमण पर रोक लगाएगी कोरिया भाजपा,क्या अनुशासित पार्टी होने का उदाहरण देगी भाजपा ?

अंचल राजवाड़े फिलहाल एक गड़बड़ी मामले में दोषी हैं उच्च न्यायालय से जमानत पर हैं, दोष भी 420 का है और जिसमे उन्हे फरारी काटनी पड़ चुकी है,फिलहाल अंचल राजवाड़े भाजपा प्रत्याशी के साथ नजर आ रहे हैं मंच संचालन कर रहे हैं। भाजपा अनुशासित पार्टी है ऐसा भाजपा का ही दावा है तो क्या अंचल राजवाड़े को कोरिया भाजपा प्रत्याशी से दूर करेगी क्या उन्हे चुनाव तक पार्टी मंचो से पार्टी दूर रखकर यह साबित करेगी की अनुशासन से भाजपा समझौता नहीं करती। देखना है यदि अंचल दोष मुक्त नहीं हैं तो पार्टी अब उनके लिए क्या निर्णय लेती है क्योंकि भाजपा ने यदि ऐसा नहीं किया तो विपक्ष के पास वर्तमान प्रत्याशी को घेरने का मौका होगा और वह मंचों से यह जरूर कहेगी की आरोपियों को लेकर वर्तमान भाजपा प्रत्याशी लोगों के बीच जा रहे हैं और ऐसे आरोपी हैं वह लोग जो उनके साथ जा रहे हैं जिनपर जनता के साथ ही धोखधड़ी का आरोप है। अंचल राजवाड़े वैसे जनाधार वाले नेता नहीं हैं, भईयालाल राजवाड़े का नाम ही उनकी कुल सफलता मानी जाती है,उनका लोगों के बीच परिचय भी यही है की वह भईयालाल राजवाड़े के परिवारिक सदस्य हैं इसके अलावा उनके भईयालाल राजवाड़े के साथ जाने न जाने से उन्हे मिलने वाले समर्थन पर कोई असर नहीं पड़ेगा यह माना जाता है और ऐसे में भाजपा उन्हे फिलहाल दूर रहने कहती है तो यह कोई बड़ा निर्णय नहीं होगा माना जा सकता है जिससे भाजपा को किसी नुकसान का खतरा हो।

## कई अन्य पुराने ऐसे समर्थकों के घेरे से बचना होगा भईयालाल राजवाड़े को जिनका घेरा ही उनके लिए पिछली चुनाव में हार का कारण बना था

भईयालाल राजवाड़े को कुछ और ऐसे पुराने समर्थकों के घेरे से बचना होगा जिनका पिछले कार्यकाल में उनके इर्द गिर्द घेरा ही उनके लिए हार का कारण बना था,कई भाजपा नेताओं को लोग नहीं पसंद करते लेकिन भईयालाल राजवाड़े की अपनी छवि उनकी सफलता बनती चली आ रही है,पिछले चुनाव में उनकी हार का कारण यह माना गया था की उनके इर्द गिर्द उनके समर्थक घेरा बनाकर रखते हैं और आम लोग सीधे उनसे नहीं मिल पाते,अब देखना है कि इस बार वह क्या करते हैं,भईयालाल राजवाड़े लोगों के बीच इसलिए लोकप्रिय हैं क्योंकि वह लोगो की समस्याओं को खुद सुनते हैं खुद निराकरण करते हैं और पिछले चुनाव से कुछ समय पूर्व लोगों को कुछ लोगों का घेरा उनके इर्द गिर्द नापसंद लगने लगा था और उन्हे हार का मुंह देखना पड़ा था,यदि भईयालाल राजवाड़े पुनः वही गलती दुहराते हैं तो उन्हे फिर दिक्कत हो सकती है इसलिए उन्हे घेरा तोड़कर चलना होगा खुद ही वह निर्णय लेंगे हर मामले में उन्हे साबित करना होगा।

## शैलेश शिवहरे सहित देवेंद्र तिवारी को कैसे मनाएंगे भईयालाल राजवाड़े सहित जिलाध्यक्ष भाजपा कोरिया



देवेंद्र तिवारी

बैकुंठपुर विधानसभा से इस चुनाव में भईयालाल राजवाड़े सहित शैलेश शिवहरे एवम देवेंद्र तिवारी भी दावेदार थे भाजपा से टिकट के लिए,भाजपा से भईयालाल राजवाड़े को उम्मीदवार बनाया जा चुका है और इसके बाद से ही शैलेश शिवहरे सहित देवेंद्र तिवारी को मौन देखा जा रहा है और उनकी सक्रियता कम कहा जाए या नगण्य मानी जा रही है,शैलेश शिवहरे बैकुंठपुर शहर में काफी प्रभावी छवि रखते हैं उनका शहर में काफी अच्छा जनाधार है वहीं देवेंद्र तिवारी ने भी मेहनत कर विधानसभा स्तर पर काफी बड़ी टीम तैयार कर ली थी जो युवाओं की थी जो खुद भी उन्हे टिकट नहीं मिलने पश्चात नाराज है,अब देखना यह है की भईयालाल राजवाड़े इन दोनो को कैसे मनाते हैं वहीं जिलाध्यक्ष भाजपा क्या करते हैं जिससे यह एकजुट होकर काम करें,जिलाध्यक्ष भाजपा के बारे में कहा जाता है की वह संगठन संचालन मामले में काफी सक्रिय हैं और उन्होंने संगठन को काफी मजबूत किया है,वैसे यह दिखता नहीं फिर भी यदि यह सच है तो वह कैसे दो नाराज लोगों को मनाते हैं यह देखने वाली बात होगी। वैसे शैलेश शिवहरे देवेंद्र तिवारी के बिना भईयालाल राजवाड़े के लिए यह चुनाव आसान नहीं होने वाला ।




शैलेश शिवहरे

# दैनिक घटती-घटना खबर का असरःहटाए गए जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया







कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
कोरिया, बैकुण्ठपुर (छत्तीसगढ़)

-: आदेश :-

बैकुण्ठपुर, दिनांक 13/10/2023

क्रमांक / 1047 वि.स.निर्वा./शिकायत/2023— छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर के आदेश क्र. एफ2-46/2023/20-3 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 06.10.2023 के द्वारा श्री जितेन्द्र कुमार गुप्ता विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी खडगवॉ को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया के पद पदस्थ किया गया था। संदर्भित पत्र के अनुक्रम में श्री गुप्ता के पदभार ग्रहण करते ही सोसल मिडिया तथा दैनिक समाचार पत्र घटती-घटना में दिनॉक 08.10.2023 को प्रकाशित समाचार पत्र के आधार पर माननीय कलेक्टर कोरिया के द्वारा प्रकरण पर कार्यवाही/अग्रिम मार्गदर्शन हेतु कार्यालयीन पत्र क्र. 911/निर्वाचन-शिकायत/2023 बैकुन्ठपुर दिनॉक 10.10.2023 के द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर को कोरिया जिला में जिला शिक्षा अधिकारी के पद श्री जितेन्द्र गुप्ता की पदस्थापना/प्रभार के संबंध में अनुमति/मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया था। संदर्भित पत्र के अनुक्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के पत्र क्र. 604/स्थापना/वि.स.निर्वा./2023/4803 रायपुर दिनॉक 12.10.2023 के द्वारा प्रभार सौंपने की अनुमति प्रदान की गई है। उक्त आदेश के परिपालन में श्री संजय सिंह नवपदस्थ जि.मि.स. कोरिया को विधान सभा निर्वाचन 2023 में आचार संहिता प्रभावशील रहने तक जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया का प्रभार आगामी आदेश तक सौंपा जाता है।

उक्त आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

कलेक्टर
एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
जिला-कोरिया (छ0ग0)

पृ0क्रमांक / 1048 वि.स.निर्वा./शिकायत/2023 बैकुण्ठपुर दिनांक 13/10/2023

## निर्वाचन प्रभावित करने की आशंका घटती-घटना ने की थी जाहिर

## निर्वाचन संपन्न होने तक जिला शिक्षा अधिकारी पद कोरिया की जिम्मेदारी संभालेंगे संजय सिंह

## डीएमसी समग्र शिक्षा पद पर कोरिया में पदस्थ हैं संजय सिंह

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,14 अक्टूबर 2023
(घटती-घटना)।

कोरिया जिला शिक्षा अधिकारी पद पर ऐन आचार संहिता लगने के दो दिन पूर्व कोरिया गृह जिला निवासी वर्तमान में खड़गवां विकासखंड शिक्षा अधिकारी पद पर कार्यरत जितेंद्र गुप्ता की पदस्थापना की गई थी और उनकी पदस्थापना के बाद ही घटती घटना ने आशंका जाहिर की थी की उनकी पदस्थापना चुनाव प्रभावित करने के उद्देश्य से की गई है,इस आशंका के पीछे की वजह यह थी की जितेंद्र गुप्ता वर्तमान जिलाध्यक्ष कांग्रेस के परिवार से आते हैं और उनके परिवार का राजनीति से प्रत्यक्ष जुड़ाव है। घटती-घटना की आशंका पर निर्वाचन आयोग ने तत्काल संज्ञान लिया और उन्हे चुनाव संपन्न होने तक पद से विमुक्त कर दिया है वहीं उनकी जगह अब समग्र शिक्षा की जिम्मेदारी सम्हाल रहे डीएमसी संजय सिंह जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया होंगे जब तक चुनाव संपन्न न हो जाए। जितेंद्र गुप्ता का गृह जिले में पदस्थ होना पहले से ही विवादित माना जा रहा था राजनीतिक दल इसको लेकर अप्पत्ति दर्ज करने ही वाले थे वहीं राजनीतिक दलों की आपत्ति से पहले ही घटती घटना की खबर का असर हुआ और जिला निर्वाचन अधिकारी ने संज्ञान लिया जो निर्वाचन निष्पक्ष संपन्न होगा इस ओर बड़ा कदम माना जा रहा है।

ज्ञात हो की स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ लगातार अपने आदेशों निर्देशों को लेकर सुर्खियों में बना चला आ रहा है और विभाग में नियम कायदे ताक पर रख दिए गए हैं यह लगातार देखा जा रहा है। शिक्षक पदोन्नति मामला हो, तबादला मामला हो या फिर सूरजपुर जिला शिक्षा अधिकारी का निलंबन मामला और फिर बहाली मामला हो ऐसे कई मामलों ने विभाग की छवि धूमिल कर दी है और अब एक नया मामला सामने आया जो एक नए आदेश के समाने आने के बाद नजर आ रहा है जिसके अनुसार कई जिलों के जिला शिक्षा अधिकारी विभाग ने बदल दिए हैं और अब उन जिलों में नए अधिकारी कार्य करते देखे जायेंगे इसी आदेश में एक नाम को लेकर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है जो कोरिया जिले के शिक्षा अधिकारी बनाए गए अधिकारी का नाम है जिसके बाद यह माना जा रहा है की शिक्षा विभाग में नियम कायदों को ताक पर रख दिया गया है और चुनाव पूर्व अब अपने अपने स्तर पर चुनाव प्रभावित कर सकने वालों को नया नया प्रभार दिया जा रहा है जो जारी आदेश से समझा जा सकता है। स्कूल शिक्षा विभाग में 6 अक्टूबर को एक आदेश जारी किया है जिसके अनुसार बैकुंठपुर कोरिया जिला निवासी विकासखंड शिक्षा अधिकारी खड़गवां को कोरिया जिले का जिला शिक्षा अधिकारी बनाया गया है। जिन्हे यह जिम्मेदारी मिली है उनके बारे में बताया जा रहा है की वह वर्तमान जिलाध्यक्ष कोरिया कांग्रेस कमेटी के परिवार से आते हैं बताया जा रहा है की वह जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया के भतीजे हैं। अब ऐसे में यह सवाल उठना लाजमी है की कहीं उन्हे जिला शिक्षा अधिकारी बनाने के पीछे चुनाव प्रभावित करना उद्देश्य तो नहीं। ऐन चुनाव के समय गृह जिले में विभाग का सबसे बड़ा पद उन्हे ऐसे ही मिल गया यह मानने कोई भी तैयार नहीं है। सभी का कहना है की गृह जिले में ऐन चुनाव के समय प्रभार दिया जाना वह भी विभाग प्रमुख का यह एक योजना के तहत माना जा सकता है। वैसे जानकारों का भी कहना है की जिन्हे जिला शिक्षा अधिकारी बनाया गया है कोरिया का उनका चूंकि गृह जिला है कोरिया और ऐसे में चुनाव के समय ऐसा प्रभार देना कहीं न कहीं योजना का ही हिस्सा है,जो चुनाव को प्रभावित करने से जोड़कर माना जा सकता है। वैसे जिन्हे कोरिया जिले का प्रभार शिक्षा विभाग का मिला है उनके परिवार के कई सदस्य शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं वहीं कई सदस्य कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर रहे हैं जबकि उनकी पोस्टिंग स्कूलों में है और वह कभी स्कूल गए ही नहीं,नए जिला शिक्षा अधिकारी बने वह भी गृह जिले में प्रभार पाने वाले अधिकारी के कोरिया जिला प्रभारी बनने से उनके परिवार के ही विभाग में पदस्थ सदस्यों को सहूलियत होगी उनका स्कूलों को तरफ जाना और कम होगा जो पहले से ही नही के बराबर है ऐसा माना जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी बनकर निष्पक्ष काम कर पाएंगे नए जिला शिक्षा अधिकारी यह भी संभव नही नजर आता क्योंकि उन्हे निष्पक्ष बनकर काम करने के लिए सबसे पहले उन्हे स्कूल भेजना होगा जो उनके परिवार के सदस्य हैं स्कूल की बजाए कहीं न कहीं संलग्न हैं। वैसे स्कूल शिक्षा विभाग का यह आदेश अपने आप में कोरिया जिला शिक्षा अधिकारी को लेकर अनोखा आदेश है जिसमे ऐन चुनाव के वक्त गृह जिले में एक अधिकारी को पोस्टिंग दी गई है और वह भी ऐसे अधिकारी को जिनके परिवार का राजनीतक दल से जुड़ाव है वह भी सत्ताधारी दल से,समाचार सूत्र जनित सूचनाओं के आधार पर थी।

## इकलौते विकासखंड शिक्षा अधिकारी जिन्हे मिला था जिला शिक्षा अधिकारी का पद

स्कूल शिक्षा विभाग ने जो सूची जारी की है जिसके अनुसार कई जिलों के जिला शिक्षा अधिकारी बदले गए हैं उसमे कोरिया जिले का जिन्हे जिला शिक्षा अधिकारी बनाया गया है वह इकलौते ऐसे जिला शिक्षा अधिकारी होंगे जिन्हें विकासखंड शिक्षा अधिकारी से जिला शिक्षा अधिकारी बनाया गया है वह भी गृह जिले का। शेष अन्य नाम जो शामिल है उसमे कोई प्राचार्य है कोई संचालक कोई सहायक संचालक है,कोई अन्य सूची में विकासखंड शिक्षा अधिकारी नहीं है जो सूची अनुसार देखा जा सकता है और जिससे स्पष्ट होता है की कहीं न कहीं मामला जुगाड तंत्र का जरूर है।

# एकलव्य संयुक्त आदर्श आवासीय विधालय बना कुबेर का खजाना

## पदस्थ शिक्षक व व्याख्याता नहीं होना चाहते भारमुक्त,विद्यालय के प्रभारी व्याख्याता बनने लगी होड़,प्रभारी बनने विभाग में लगती है बोली ?

-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवां,14 अक्टूबर 2023
(घटती-घटना)।

कार्यालय कलेक्टर एवं दंडाधिकारी जिला मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर छत्तीसगढ़ से आदेश क्रमांक2707/सथा0/शिक्षा /2023--24दिनांक 19/09/2023/ को मनीष व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खड़गवां (संलग्न ) कार्यरत संस्था अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यालयों द्वारा शिक्षकीय संवर्ग के कर्मचारियों को विभिन्न आदेशो के तहत अध्यापन एवं कार्यालयीन कार्यों हेतु व्यवस्था के तहत आदेशित किया गया था।वर्तमान में शासन द्वारा संलगनीकरण समाप्त किए जाने हेतु निर्देशित किए गए हैं उक्त निर्देशानुसार निम्नलिखित शिक्षकों /व्याख्याताओ को कलम नंबर 05 मे दर्शित उनके मूल पदस्थापना हेतु कार्य मुक्त किया जाता है यह आदेश तत्काल प्रभाव शील होंगा।




एकलव्य सयुंक्त आदर्श आवासीय विधालय पोडीडिह विकास खंड खडगवा में प्रभारी व्याख्याता मनीष एकलव्य आवासीय विद्यालय पोडीडीह के दायित्व से मुक्त करते हुए उनके मूल पदस्थापना शा.उ.मा.वि खड़गवां हेतु वापस किया जाता है उसके बाद भी प्रभारी का मोह एकलव्य सयुंक्त आदर्श आवासीय विद्यालय पोडीडिह विकास खंड खडगवा से नहीं जा रहा है आखिर क्यों ? जबकि मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले के कलेक्टर महोदय के आदेश के तहत सभी विकास खंडों में संलग्न शिक्षकों / व्याख्याताओ को भारमुक्त कर दिया गया है। मगर खड़गवां विकास खंड के एकलव्य संयुक्त आदर्श आवासीय विद्यालय में संलग्न शिक्षकों/ व्याख्याता आज भी संलग्न है उन्हें आज तक संस्था से भारमुक्त नहीं किया गया और आज भी उसी संस्था में पदस्थ रहते हुए कार्य कर रहे हैं।

### संलग्नीकरण के लिए जोर-शोर से लगे है व्याख्यता

गौरतलब हो कि यह आदेश कलेक्टर महोदय का तत्काल प्रभावशील होगा उसके बाद भी प्रभारी व्याख्याता कलेक्टर के आदेश को दरकिनार करते हुए कार्य है। सूत्रों से मिली जानकारी से कि एकलव्य आवासीय विद्यालय पोडीडीह में पुनः संलग्नीकरण के लिए व्याख्याता बड़े जोर शोर से जुगत में लगे हुए हैं ? आज भी उसी एकलव्य आवासीय विद्यालय में कार्य कर रहे है इससे ऐसा प्रतीत होता है कि विभाग के अधिकारियों के संरक्षण में ही ये शिक्षक/व्याख्याता मनमाने तरीक़े से एकलव्य सयुंक्त आदर्श विधालय मे डटे हुए हैं नहीं किया जाता है मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर कलेक्टर के आदेश का पालन जबकि कलेक्टर महोदय के आदेश में स्पष्ट लिखा है कि तत्काल प्रभाव शील होंगा आखिर ऐसा क्या है? इस एकलव्य आवासीय विद्यालय पोडीडीह में जहां से भार मुक्त नहीं होना चाहते हैं प्रभारी व्याख्याता?

### प्रभारी ने नहीं किया फोन रिसीव

आदिवासी विकास विभाग में मात्र अधिकारीओ का राज रह गया है जो मुख्यालय से 35 किलोमीटर दूर से एकलव्य सयुंक्त आदर्श विधालय के सफल संचालन करने का दावा कर रहे हैं? इस संबंध मे एकलव्य आवासीय विद्यालय पोडीडीह के प्रभारी से उसके मोबाइल नंबर 9098975841 के माध्यम से उनका पक्ष जानने लिए संपर्क किया गया उन्होंने मोबाइल रिसीव नहीं किया।

## पहाड़ी कोरवाओं की समस्याओं का होगा समाधान,कलेक्टर ने अधिकारियों को दिया निर्देश

-संवाददाता-
कोरबा,14 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।



कोरबा जिले के रामपुर विधानसभा अंतर्गत ग्राम फुलवारी,खैरीभवना,लाल माटी, ढाबाडांड, केराकछार के आश्रित ग्राम सरडीह, ग्राम दरगा, ग्राम बरपाली-राजाडीह, ग्राम पंचायत सोलवां अंतर्गत पिपरकोना मोहल्ला आदि में विद्युत व्यवस्था, पहुंच मार्ग, पेयजल और मोबाइल कनेक्टिविटी के लिए मतदान का बहिष्कार करने का मामला संज्ञान में आने के पश्चात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने इसे गंभीरता से लेकर अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विद्युत व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति और आश्रित ग्राम में पहुंच मार्ग सहित मोबाइल कनेक्टिविटी की व्यवस्था के लिए संबंधित अधिकारियों को पत्र जारी कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में संबंधित ग्रामों के पहाड़ी कोरवाओं के मध्य जाकर प्रशासनिक अधिकारियों ने समस्याओं के निराकरण के संबंध में उन्हें अवगत कराया और मतदान के महत्व को बताया। अधिकारियों से मिली जानकारी से संतुष्ट होकर पहाड़ी कोरवाओं सहित समस्त ग्रामवासियों ने विधानसभा निर्वाचन-2023 के बहिष्कार के निर्णय को वापस लेकर शपथ के साथ में मतदान करने की सहमति दी है। कलेक्टर सौरभ कुमार ने पहाड़ी कोरवाओं की समस्याओं के संज्ञान में आने के पश्चात संबंधित एसडीएम और तहसीलदार से इसकी जांच कराई। जांच में मिली समस्याओं और कमियों को चिन्हित करते हुए कलेक्टर ने संबंधित ग्राम फुलवारी, खैरीभवना, लालमाटी, ढाबाडांड, केराकछार के आश्रित ग्राम सरडीह, ग्राम बरपाली-राजाडीह, ग्राम पंचायत सोलवां अंतर्गत पिपरकोना मोहल्ला आदि में विद्युत व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति और पहुंच मार्ग सहित मोबाइल कनेक्टिविटी की व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने सोलर पैनल युक्त बिजली की व्यवस्था और मेंटनेंस के लिए क्रेडा और सीएसईबी के कार्यपालन अभियंता को, बगधरीडांड से खैरीभावना तक पहुंच मार्ग रोड़ निर्माण के लिए कार्यपालन अभियंता, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क को पत्र जारी किया है। कलेक्टर ने खैरीभावना ग्राम में पानी में आयरन की अधिक मात्रा होने के कारण पेयजल की समस्या के संबंध में कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को पत्र जारी कर जांच कर नवीन बोर लगाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने पहाड़ी कोरवाओं से संबंधित ग्रामों में मोबाइल नेटवर्क कनेक्टीविटी के लिए विभिन्न सर्विस प्रोवाइडर बीएसएनएल, जियो, एयरटेल को पत्र जारी कर समस्या के निराकरण के निर्देश दिए हैं।

## ग्रामीण क्षेत्रों में नल-जल योजना ले रही अपनी अंतिम सांसें

-राजा मुखर्जी-
कोरबा,14 अक्टूबर 2023
(घटती-घटना)।

भारत सरकार ने ग्रामीण आबादी को शुद्ध और स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने के लिए नल-जल योजना को प्रारंभ किया था जिसका उद्देश्य हर घर सुध पानी पहुंचाना था द्य भारत सरकार के द्वारा आकांक्षी जिला घोषित कोरबा के ग्रामीण क्षेत्र में संचालित नल-जल योजना पर कई करोड़ रुपए खर्च किये जा रहे हैं लेकिन कई क्षेत्रों में निगरानी की कमी और घोर लापरवाही बरते जाने के कारण यह योजना अंतिम सांस ले रही है। जगह-जगह कई प्रकार की टूटफूट के साथ-साथ अन्य शिकायतें सामने आ रही है। कोरबा जिले में विकास से जुड़ी अन्य परियोजनाओं के मामले में कई प्रकार के दावे किये जा रहे हैं और अच्छे परिणाम लाने पर भी पूरा जोर दिया जा रहा है।



जिसके अंतर्गत कहा गया है कि मैदानी अमला सतत मानिटरिंग करें, ताकि गुणवत्तापरक कार्य हो और जनता को लंबे समय तक इसका फायदा मिले। इसके विपरित कोरबा जिले के पाली ब्लाक के पहाड़ गांव, पहाड़ जमड़ी, राईकछार, नगोई भांठा जेमरा, रतखंडी, आदि क्षेत्रों में निर्माण कार्यों की गति काफी दोयम दर्जे की देखी गई है। जेमरा में प्लेटफार्म बनते ही टूट रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत जेमरा में एसडीओ श्रीमती मिश्रा ने जब निर्माण कार्य का अवलोकन किया तो प्लेटफार्म टूट गया। इसे लेकर ठेकेदार को फटकार लगाई गई है । वहीं जेमरा के ग्रामीणों ने बताया कि निर्धारित मापदंड के विपरीत गुणवत्ताहीन काम को ठीक से करने की गुजारिश करने पर ठेकेदार द्वारा धौंस जमाते हुए कहा जाता है कि जितनी राशि आयी है, उसके हिसाब से काम किया जाएगा, तुम्हारे हिसाब से नहीं। विरोध करने पर ठेकेदार द्वारा धमकाया जाता है। ग्रामीण मनोहर कोर्राम, जगदीश सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार हमारी एक नहीं सुनता। पूरे क्षेत्र में गुणवत्ताहीन कार्य हो रहा है और शायद केन्द्र सरकार की इस योजना का लाभ कुछ ही दिनों तक क्षेत्र को मिलेगा, उसके बाद समस्या जस की तस हो जाएगी।

कुछ गांव में तो ठेकेदार द्वारा सड़क से लगे झोपड़ीनुमा घरों के बाहर नल लगाया जा रहा है। बामुश्किल दो से छह मीटर पाईप बिछायी जा रहद्ध है। ग्रामीणों ने आंगन तक पाईप ले जाने की गुहार लगाई लेकिन ऐसा नहीं किया गया, जबकि नियम एवं शर्तों में सड़क से 15 मीटर तक पाईप लाईन बिछाने का है द्ध रतखंडी निवासी ओमप्रकाश उरखेरा ने बताया कि ठेकेदार के आदमी द्वारा आंगन तक पाईप लाईन ले जाने के लिए अतिरिक्त पाईप के लिए पैसे की मांग की जाती है। ग्रामीणों का कहना है के निर्धारित पैरामीटर के अनुसार नल जल योजना से संबंधित कामकाज नहीं किया गया, इसलिए निर्माण से पहले ही योजना की वास्तविकता सामने आ रही है। गांव में बनी सीसी रोड को तोड़कर पाइपलाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। खास बात यह है कि एक इंच खोदकर पाइपलाइन को आड़े तिरछे बिछा देने से कई प्रकार की समस्याएं सामने आ रही हैं, जिसके कारण टेस्टिंग की प्रक्रिया में हितग्राहियों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। जेमरा सरपंच भंवर सिंह उइके के द्वारा इस मामले की शिकायत जिला प्रशासन से की गई है और उचित कार्रवाई करने की मांग की गई है।

## नए पुलिस कप्तान जितेंद्र शुक्ला ने लिया पदभार

-संवाददाता-
कोरबा,14 अक्टूबर 2023
(घटती-घटना)।

कोरबा के नए पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने जिला पुलिस मुख्यालय में पदभार ग्रहण किया । जिसेक पश्चात वे मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि जिले में बेहतर पुलिसिंग उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी । अच्छे के लिए अच्छा और बुरे के लिए बुरा रहेगा । उन्होंने साफ संदेश दिया कि जरूरतमंद है उनके लिए पुलिस दोस्त साबित होगी जो खराब है, जिनको बात समझ में नहीं आता उनके लिए पुलिस सख्त होगी। जिले में पुलिस, पब्लिक डिमांड के अनुसार कार्य करेगी। पुलिस अधिकारी फील्ड में नजर आएगे। इलेक्शन के लिए जो तैयारी बची हुई उसे जल्द पूरा किया जाएगा, साथ ही शहर की मुख्य मार्गों में लगने वाले जाम की समस्या को



जल्द से जल्द दुरुस्त करने की दिशा में पहल की जाएगी। जिसमें पब्लिक की मदद भी ली जाएगी। उन्होंने साफ कहा है कि जरूरतमंद व फरियादी पुलिस से भयभीत न हो वे उनके लिए प्रतिदिन उपलब्ध रहेंगे। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा भी मौजूद रहे ।

## अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के प्रदेश सचिव बने कौशलेन्द्र

-संवाददाता-
सूरजपुर,14 अक्टूबर 2023
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े संगठन अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राकेश प्रताप सिँह एवं प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द शर्मा के निर्देशानुसार राजधानी रायपुर मे पिछ्ले दिनों एक दिवसीय बैठक रखा गया, बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सूरजपुर के युवा पत्रकार कौशलेन्द्र यादव को प्रदेश सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप गई है उनके इस मनोनयन से जिले के युवा पत्रकारों में हर्ष व्याप्त हैं। बैठक में जिलों एवं तहसीलो से कलमवीरो ने सैकड़ो के संख्या मे एकत्रित हुए जिसमे खासकर संगठन ने पत्रकार सुरक्षा क़ानून को लेकर विशेष चर्चा किया ।पत्रकारों के ऊपर फर्जी एफ़आइआर, पत्रकार उत्पीड़न, एवं पत्रकारों कि स्वतंत्रता कि हनन को लेकर गंभीरता से चर्चा किया गया, एवं पत्रकार सुरक्षा क़ानून मे कुछ बिंदु को लागु करने कि मांग भी उठा जिससे वरिष्ठ पत्रकार साथियो ने अपना सहमति देते हुए सभी के विचारानुसार पत्रकार सुरक्षा क़ानून मे बिंदुवार जोड़ने हेतु एक विशाल सम्मेलन राजधानी रायपुर मे रखने कि सहमति दिया है।



## शारदीय नवरात्र आज,भव्य पंडाल सजकर तैयार

### शक्ति की आराधना में नौ दिनों तक समूचा क्षेत्र रहेगा लीन

-संवाददाता-
सूरजपुर,14 अक्टूबर 2023
(घटती-घटना)।

शक्ति की आराधना का पर्व शारदीय नवरात्र आज से प्रारंभ हो जाएगा,इसके लिए भव्य पंडाल दुर्गा पूजा समितियां द्वारा तैयार किया गया है जो अपने स्वरूप में आ गया है।नवरात्र के मौके पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूरे नौ दिनों तक शक्ति की आराधना में भक्तगण डूबे रहेंगे।शहर के भैयाथान रोड,मेन रोड,केतका रोड नवापारा में नवरात्र पर्व पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाती है और भक्ति गीतों के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण से समूचा शहर भक्तिमय वातावरण में लीन रहता है।नवरात्र पर्व की पूरी तैयारी दुर्गा पूजा समितियां द्वारा कर ली गई है कई जगह जगराता व डांडिया का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाता है जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल रहते हैं शहर के अलावे गांवों में भी नवरात्रि पर्व को लेकर उत्साह देखा जा रहा है ग्रामीण क्षेत्रों में भी काफी जगह दुर्गा पंडाल तैयार कर लिए गए हैं।मंदिरों में भी विशेष पूजा अर्चना



की तैयारी की गई है। कुदरगढ़ में मां बागेश्वरी धाम व देवीपुर स्थित महामाया मंदिर में अपनी मनोकामना लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ती है भीड़ के मद्देनजर प्रशासन की ओर से व्यवस्था को लेकर विशेष तैयारी रहती है इन दोनों मंदिरों में ज्योति कलश भी प्रज्वलित किए जाते हैं।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0)सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0

ग्राम-रविन्द्रनगर, तहसील-लटोरी

**ईश्तहार**

इस सार्वजनिक ईश्तहार के जरिये सर्व साधारण आम जनता/संस्था/विभाग को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक शंकर मण्डल आ0 सिदाम मण्डल, निवासी ग्राम रविन्द्रनगर, थाना जयनगर, तहसील लटोरी जिला-सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा संहिता की धारा 115 अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदक के पिता स्व0 सिदाम मण्डल एवं अनावेदिका के श्वसुर स्व0 बलराम मण्डल को संयुक्त रूप से पुनर्वास विभाग भारत सरकार से पट्टा प्रदाय किया गया था। आवेदक को आपसी विभाजन के दौरान खसरा नम्बर 480/4, 484 रकबा 0.47,0.47 कुल 0.94 हे0 भूमि प्राप्त हुआ। अनावेदिका को खसरा नम्बर 480/1 में से 0.99 हे0 भूमि आपसी बंटवारा में प्राप्त हुआ। आवेदक एवं अनावेदिका अपने अपने अंश की भूमि पर कृषि कार्य करते चले आ रहे हैं। वादभूमि खसरा नबर 480/1 रकबा 0.99 हे0 में से 0.32 हे0 को दिनांक 23/04/2021 को एवं रकबा 0.65 हे0 को दिनांक 26/04/2023 को आवेदिका द्वारा विक्रय करने पश्चात शेष भूमि 0.02 हे0 बचत होना चाहिए था। किन्तु आवेदिका द्वारा 480/1 के मूल रकबा 0.99 हे0 के स्थिान पर 1.40 हे0 दर्ज करा लिया गया है। जिसे सुधार कराये जाने का अनुरोध किया गया है। जिसक संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन लंबित है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/विभाग को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक/लीगल एजेंट के माध्यम से अपना दावा आपत्ति दिनांक 26/10/2023 तक न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति के संबंध में कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 03/10/2023 को मेरे हस्ताक्षत एवं न्यायालय की पद से जारी किया गया ।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर, जिला सूरजपुर,छ0ग0**

राजस्व प्रकरण क्रं Q/ब-121/2022 -23 दिनांकः-14/10/2023

**ईश्तहार**

आवेदक/आवेदिका का नाम सूरज प्रसाद आ0 बुधराम जाति गोड़ निवासी जोबगा ग्राम जोबगा प0ह0नं0 तहसील व सूरजपुर जिला सूरजपुर छ0ग0 ने अपने पिता बुधराम मरावी पिता/पति बनवारी जन्म/मृत्यु दिनांक 10/06/2007 का जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 08/11/2023 दिन बुधवार को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में अपना स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। तद्नुसार कार्यवाही कर दी जावेगी

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमद्रा से आज दिनांक 14/10/2023 को जारी किया जाता है।

सील

तहसीलदार
सूरजपुर
जिला-सूरजपुर (छ0ग0)

**न्यायालय तहसीलदार लटोरी जिला सूरजपुर, छत्तीसगढ़**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्रं0202310262100059 अ-19/2022-23

धनी राम प्रति छ0ग0 शासन

सर्वसाधारण ग्राम मदनपुर तहसील लटोरी को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री धनी राम आ0 मनोहर निवासी ग्राम मदनपुर थाना जयनगर तहसील लटोरी जिला-सूरजपुर (छ0ग0) के द्वारा ग्राम मदनपुर तहसील लटोरी स्थित भूमि पुराना खसरा नं0 2142 रकबा 0.68 हे0 भूमि का न्यायालय नायब तहसीलदार सूरजपुर जिला-सरगुजा (छ0ग0) के रा0प्र0क्रं0 139 अ-19/69-70 अनुसार आवेदक को शासकीय पट्टा प्रदाय किया गया था। उक्त आवेदित भूमि का नवीन बन्दोबस्त के बाद नवीन खसरा नं0 339 रकबा 0.17 हे0 भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है। आवेदित भूमि का शासकीय पट्टा प्राप्त होने के कारण शासकीय पट्टा से भूमि स्वामी पट्टा प्रदाय कराने हेतु छ0ग0 राजपत्र में प्रकाशित राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 29 मार्च 2023 के अनुसार निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, खसरा, बी-1 की नकल एवं किसान किताब की छाया प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है। जिस पर कार्यवाही किया जा रहा है।

अतः उक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह दिनांक 30/10/2023 तक स्वतः उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा

आज दिनांक 04/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
लटोरी जिला-सूरजपुर

# वर्ल्ड कप में भारत ने पाकिस्तान को 8वीं बार दी पटखनी



» रोहित और श्रेयस की अर्धशतकीय पारी
» भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया
» रोहित ने खेली 86 रन की पारी

**अहमदाबाद, 14 अक्टूबर 2023।** श्रेयस अय्यर ने बनाए नाबाद 53 रन आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप में लगातार आठवीं बार हराया। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मैच में भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया। रोहित शर्मा ने 86 रन और श्रेयस अय्यर ने नाबाद 53 रन की पारी खेली।

वनडे वर्ल्ड कप में भारत ने पाकिस्तान को 8वीं बार हराया। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मैच में भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 191 रन बनाए थे। भारत ने तीन विकेट खोकर 30.3 ओवर में हासिल कर लिया।

## पाकिस्तान की पारी का हाल

पाकिस्तान की शुरुआत ठीकठाक रही। 41 के स्कोर पर टीम का पहला विकेट गिरा। दूसरा विकेट 73 के स्कोर पर गिरा। इसके बाद कप्तान बाबर आजम और रिजवान के बीच 82 रन की साझेदारी की।

एक समय ऐसा लग रहा था कि पाकिस्तान 300 के पार स्कोर बनाएगा लेकिन, सिराज ने बाबर (50) को आउट कर इस उम्मीद को झटका दिया। उसके बाद बुमराह ने रिजवान (49) को आउट कर पाकिस्तान की पारी को ध्वस्त कर दिया।

इसके बाद कोई भी पाकिस्तानी बल्लेबाज ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक सका। कुलदीप, जडेजा, हार्दिक ने पाक की पारी को समेटने में अहम योगदान दिया। शार्दुल को छोड़कर अन्य सभी गेंदबाजों को दो-दो विकेट मिले।

## भारत की पारी

192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रोहित शर्मा ने चौके से शुरुआत की। रोहित के रंग में गिल भी रंगे दिखे, हालांकि, 16 के स्कोर पर वह आउट हो गए। रोहित के बल्ले से लगातार चौके-छक्के निकलते रहे। रोहित ने आउट होने के पहले 86 रन की पारी खेली। कोहली ने 16 रन बनाए। श्रेयस अय्यर ने धैर्य का परिचय दिया। श्रेयस ने नाबाद 53 रन का पारी खेली। केएल राहुल ने नाबाद 19 रन बनाए। श्रेयस अय्यर ने विजयी चौका लगाया। भारत ने वनडे वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को लगातार 8वीं बार हराया।

# ओलंपिक चैंपियन आज दिल्ली की सड़कों पर जोश भरने के लिए तैयार

**नई दिल्ली, 14 अक्टूबर 2023।** समतल और तेज गति से दौड़ना एक बेहतरीन अनुभव है। दिल्ली हाफ मैराथन दुनिया भर के धावकों को भारतीय राजधानी नई दिल्ली में यही प्रदान करता है।

वार्षिक खेल उद्यम का 18वां संस्करण इस रविवार, 15 अक्टूबर को आ रहा है, और इसमें दुनिया भर के कुछ शीर्ष रैंक वाले एथलीट शामिल होंगे।

मीडिया से बात करते हुए, इथियोपिया के मौजूदा चैंपियन चाला रेगासा ने बताया, ÷यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है और मैं वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन में दौड़ने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मैं अच्छी स्थिति में महसूस कर रहा हूं।÷

इस साल की दौड़ के लिए पसंदीदा डेनियल एबेन्यो ने इस महीने की शुरुआत में रीगा में आयोजित विश्व हाफ मैराथन चैंपियनशिप में रजत पदक के साथ अपनी योग्यता साबित कर दी है और पिछले साल बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 10,000 मीटर में रजत पदक प्राप्त किया था। . उन्होंने दिल्ली में विशिष्ट क्षेत्र में शामिल होने की व्यवस्था करने के लिए आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि वह भारत में आकर बहुत खुश हैं।

बचपन में, एबेन्यो स्कूल और घर वापस जाने की दूरी तय करने के लिए प्रतिदिन लगभग 24 किमी दौड़ता था। मुलाकात के दौरान उन्होंने खुलासा किया, मैंने 12 साल की उम्र में दौड़ना शुरू कर दिया था। मैं पत्रिकाओं में कुछ लोगों की दौड़ती हुई तस्वीरें देखता था और उससे मुझे दौड़ने के लिए प्रेरणा मिली।

केन्या के एक अन्य विशिष्ट धावक लियोनार्ड बार्सोटन भारतीय सड़कों के लिए नए नहीं हैं क्योंकि वह पहले ही दो बार टाटा स्टील कोलकाता 25च्च जीत चुके हैं। बार्सोटन ने आज शाम कहा, ÷भारत मुझसे प्यार करता है और मैं भारत से प्यार करता हूं। जब भी मैं भारत आता हूं तो हमेशा जीतता हूं। मैं पिछले साल अकिलिस चोट से जूझ रहा था, लेकिन अब मैं पूरी तरह से ठीक हो गया हूं। मुझे उम्मीद है कि मैं रविवार को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगा।




महिलाओं के क्षेत्र में 5000 मीटर में रियो ओलंपियन विवियन चेरुइयोट शामिल हैं, जिनके नाम कई वैश्विक खिताब हैं। मुझे दिल्ली हाफ मैराथन में आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद, दिल्ली। मैं कुछ वर्षों से दूर हूं क्योंकि मेरे बच्चे का जन्म हुआ है और मैं रविवार की दौड़ का इंतजार कर रहा हूं। मैं कहूंगा कि जब मैं तस्वीरें देखता हूं तो मुझे बहुत खुशी होती है मैं दौड़ रहा हूं और यह एक एथलीट के लिए सौभाग्य की बात है। 2010 में मैं पहली बार दिल्ली में था और मैंने वास्तव में ध्यान का आनंद लिया।÷

दो शीर्ष इथियोपियाई महिलाएं, जिनमें अल्माज़ अयाना ङ्क 2017 की विजेता और मारे डिबाबा भी शामिल हैं, भाग ले रही हैं।

विवियन की तरह, अल्माज़ भी 2016 ओलंपियन (10,000 मीटर में) थे और डिबाबा ने उस खेलों में मैराथन कांस्य जीता था।

अल्माज़ अयाना ने कहा, ÷मैं आगामी दौड़ और दिल्ली हाफ मैराथन को लेकर उत्साहित हूं। एक अंतराल रहा है लेकिन मैं रविवार को दौड़ के लिए तैयार हूं।

चूंकि मैं चोट और लंबे ब्रेक से वापस आ रहा हूं, मैं वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन का इंतजार कर रहा हूं, इससे मुझे यह समझने में मदद मिलेगी कि मैं दूसरों की तुलना में कहां हूं और अपने स्वयं के मानकों को भी। दिल्ली हाफ मैराथन निश्चित रूप से मदद करेगी मैं और मैं प्रदर्शन देखेंगे और फिर भविष्य पर फैसला करेंगे।÷

अपनी 24वीं हाफ मैराथन में दौड़ते हुए, मारे डिबाबा ने कहा, ÷यह रविवार, इस साल मेरी पहली दौड़ होगी। मैं गर्मी के बारे में ज्यादा चिंतित नहीं हूं। एक अच्छी दौड़ के लिए तापमान का अच्छा होना महत्वपूर्ण है। लेकिन मुझे उम्मीद है कि चीजें ठीक चल रही हैं और हमारी रेस अच्छी है।÷

268,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि की दौड़ में हजारों शौकिया दुनिया के सबसे तेज़ पाठ्यक्रमों में से एक में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ में शामिल होंगे।

पुरुष और महिला वर्ग में अंतर्राष्ट्रीय एलीट विजेताओं में से प्रत्येक को 27,000 अमेरिकी डॉलर मिलेंगे और पुरस्कार राशि में दोनों में शीर्ष 10 फिनिशर शामिल हैं। इसके अलावा, 12,000 अमेरिकी डॉलर का इवेंट रिकॉर्ड बोनस भी है।



## भारत में आयोजित 19 वें राष्ट्रमंडल खेलों का समापन

**नई दिल्ली, 14 अक्टूबर 2023।** साल के 10वें महीने की 14 तारीख भारत में खेलों के बड़े आयोजन से जुड़ी है... दरअसल, इसी दिन 19वें राष्ट्रमंडल खेलों का समापन हुआ था। नयी दिल्ली में तीन अक्टूबर से 14 अक्टूबर 2010 के बीच 19वें राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन किया गया था।

भारत ने 1982 में एशियाई खेलों के सफल आयोजन के करीब तीन दशक के बाद इतने विशाल स्तर पर किसी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया था। खेलों के आयोजन के लिए पूरी दिल्ली में विशेष इंतजाम किए गए थे। खेलों की शुरुआत दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में हुई और 14 अक्टूबर को यहीं इनका समापन भी हुआ।

देश-दुनिया के इतिहास में 14 अक्टूबर की तारीख में दर्ज अन्य महत्वपूर्ण घटनाओं का सिलसिलेवार ब्योरा इस प्रकार है:

**1882:** लाहौर में पंजाब विश्वविद्यालय की स्थापना। बंटवारे के बाद इसके दो हिस्से कर दिए गए थे और भारत के विश्वविद्यालय को शुरू में 'पूर्वी पंजाब विश्वविद्यालय' (ईपीयू) कहा जाता था, जो शिमला में स्थित था।

**1944 :** जर्मन फील्ड मार्शल एरविन रोमेल ने एडोल्फ हिटलर की हत्या की साजिश में नाम आने के बाद जहर खाकर जान दी।

1964 : मार्टिन लूथर किंग जूनियर को अहिंसा के सिद्धांत का पालन करते हुए रंगभेद के खिलाफ संघर्ष के लिए नोबेल शांति पुरस्कार से नवाजा गया।

**1994 :** फलस्तीन के नेता यासिर अराफात को इजराइल के प्रधानमंत्री यित्जक राबिन और विदेश मंत्री शिमोन पेरेज के साथ नोबेल शांति पुरस्कार के लिए चुना गया।

**2010 :** दिल्ली में तीन अक्टूबर को शुरू हुए 19वें राष्ट्रमंडल खेलों का समापन।

**2014 :** न्यूजीलैंड के क्रिकेटर एवं पूर्व कप्तान जॉन रीड का निधन। **2021 :** ताइवान में एक इमारत में आग लगने से 46 लोगों की मौत।

## पीवी सिंधू संघर्षपूर्ण जीत के साथ आर्कटिक ओपन के सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली, 14 अक्टूबर 2023।** भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने पहला गेम की गंवाने के बादअपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए वियतनाम की थ्यू लिन्ह गुयेन को 91 मिनट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में हराकर आर्कटिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।



आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने 20-22, 22-20, 21-18 से जीत हासिल की और इस तरह से विश्व में 26वें नंबर की खिलाड़ी और यहां गैर वरीयता प्राप्त गुयेन के चार मैचों से चले आ रहे विजय अभियान पर रोक लगा दी। पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रही सिंधू सेमीफाइनल में चीन की पांचवीं वरीयता प्राप्त और दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी वांग झी यी से भिड़ेगी।सिंधू ने इस साल बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर के किसी टूर्नामेंट में चौथी बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है। वह इससे पहले स्पेन मास्टर्स (फाइनलिस्ट), मलेशिया मास्टर्स और कनाडा ओपन में अंतिम चार में पहुंची थीं।महिला एकल के अन्य सेमीफाइनल में चीन की तीसरी वरीयता प्राप्त और दुनिया की नौवें नंबर की हान यू का सामना थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से होगा। सिंधू अब इस टूर्नामेंट में अकेली भारतीय खिलाड़ी बची हुई हैं।

किरण जॉर्ज, किदांबी श्रीकांत, आकर्षी कश्यप तथा अश्विनी पोनप्पा और तनिषा क्रैस्टो पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

# भारत बनाम श्रीलंका मुकाबले में अलग दिखेगा वानखेड़े स्टेडियम

### वन डे फॉर चिल्ड्रन यूनिसेफ की पहल

**मुंबई, 14 अक्टूबर 2023।** बीसीसीआई और श्रीलंका क्रिकेट एक साथ 2 नंबवर को वन डे फॉर चिल्ड्रन का जश्न मनाने के लिए साझेदारी करेंगे। इसमें अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद और यूनिसेफ खेल के एक अरब फैंस को एक आशा भरे संदेश के समर्थन लिए एक साथ लाएंगे कि हर बच्चे को जीवित रहने और फलने फूलने का अधिकारी है। एक इवेंट वाइड सबनो चैंपियन अभियान इस दिन शिखर पर होगा। ये अभियान हर बच्चे के लिए एक बेहतर दुनिया में मदद करने के लिए आईसीसी पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप की वैश्विक पहुंच का उपयोग करने पर केंद्रित है। इसी का उत्सव मनाने के लिए मुंबई का वानखेड़े स्टेडियम नीलें रंग की रोशनी से जगमगा उठेगा। वहीं बिकने वाले फिक्स्चर में भाग लेने वाले फैंस को एक एलईडी रिस्टबैंड दिया जाएगा जो दूसरी पारी के दौरान स्टेडियम व्यापी नीली रोशनी के साथ समन्वयित किया जाएगा। भारत और श्रीलंका के खिलाड़ी यूनिसेफ और आईसीसी के राजदूत सचिन तेंदुलकर और मुथैया मुरलीधरन सहित खेल के अन्य दिग्गजों के साथ वनडे फॉर चिल्ड्रन संदेश के विस्तार का समर्थन करेंगे।



पूरे अभियान में जुटाया गया योगदान धनराशि के रूप में बच्चों के लिए यूनिसेफ के काम का समर्थन करेगा, जिसका उद्देश्य ये सुनिश्चित करना है कि हर बच्चे को समान अवसर मिले। आईसीसी और ग्लोबल ब्रॉडकास्ट पार्टनर स्टार स्पोर्ट्स ये सुनिश्चित करेंगे कि वनडे फॉर चिल्ड्रन का अनुभव दुनिया भर के टेलीविजन दर्शकों तक पहुंचे। जबकि कई आईसीसी वाणिज्यिक भागीदार मैच के दौरान डोनेशन के जरिए इस आयोजन का समर्थन कर रहे हैं।

# अब ओलंपिक में फिर से खेला जाएगा क्रिकेट

### 128 सालों के बाद होगी वापसी

**नई दिल्ली, 14 अक्टूबर 2023।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने 2028 लॉस एंजिल्स ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल करने की सिफारिश को मंजूरी दे दी। क्रिकेट 2028 खेलों के लिए एलए आयोजन समिति द्वारा अनुशंसित पांच खेल विषयों में से एक था और इसे मुंबई में अपनी कार्यकारी बैठक के दौरान शीर्ष ओलंपिक निकाय द्वारा अनुमोदित किया गया है। 2028 में होने वाले ओलंपिक में क्रिकेट के साथ-साथ बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल (नॉन-कॉन्टैक्ट अमेरिकन फुटबॉल), स्क्वैश और लैक्रोस सहित चार नए खेल भी शामिल किए जाएंगे।

इस सप्ताह की शुरुआत में, एलए 2028 खेलों के आयोजकों ने इस आयोजन में क्रिकेट, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस, स्क्वैश और बेसबॉल-सॉफ्टबॉल को जोड़ने की इच्छा व्यक्त की थी। आईओसी के नियमों के अनुसार, प्रत्येक मेजबान शहर को खेलों के अपने संस्करण के लिए कई खेलों को शामिल करने का अनुरोध करने का अधिकार है। आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाख ने कार्यकारी बोर्ड की बैठक के अंत में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ÷इन प्रस्तावों को आईओसी कार्यकारी बोर्ड ने एक पैकेज के रूप में स्वीकार कर लिया है।÷ ओलंपिक में इन खेलों की स्थिति को अंतिम रूप देने में अगला कदम रविवार से शुरू होने वाला आईओसी सत्र होगा। आईओसी सत्र में बोर्ड की सिफारिश पर मुहर लगाने की आवश्यकता होगी।



दुनिया में क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ने की बात करते हुए आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाक ने कहा कि ओलंपिक समिति आईसीसी के साथ काम करेगी न कि किसी देश के व्यक्तिगत क्रिकेट अधिकारियों के साथ। उन्होंने कहा, ÷आईसीसी के सहयोग से हम देखेंगे कि क्रिकेट को और अधिक लोकप्रिय कैसे बनाया जा सकता है।÷ गौरतलब है कि भारत में क्रिकेट को बड़े पैमाने पर लोकप्रियता हासिल है। टीम खेल में वैश्विक स्तर पर दर्शकों की संख्या भी बढ़ रही है। 128 साल बाद इस खेल की वापसी होने जा रही है। आखिरी बार ओलिंपिक में यह 1900 को खेला गया था।

# फिल्म टाइगर 3 का नया पोस्टर जारी




बॉलीवुड के भाईजान यानी सलमान खान अपनी आगामी फिल्म टाइगर 3 को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। सलमान खान हाल ही में अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म टाइगर 3 का टीजर जारी होने के बाद से ही फैंस के बीच चर्चा में बने हुए हैं। इस बीच फिल्म के ट्रेलर की रिलीज से पहले मेकर्स ने फिल्म से सलमान खान का इंटेंस लुक जारी किया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

सलमान खान बहुप्रतीक्षित टाइगर 3 लाने के लिए तैयार हैं, और ट्रेलर रिलीज से पहले, निर्माताओं, यशराज फिल्म्स ने एक नई तस्वीर जारी की है, जिसमें आगामी फिल्म से रॉ एजेंट टाइगर बन सलमान खान नजर आ रहे हैं। इस नए लुक में भाईजान हाथों में जंजीर लिए नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट को साझा करते हुए सलमान खान ने लिखा, 16 अक्तूबर को आ रहा है टाइगर का ट्रेलर दोपहर 12 बजे। सभी लोग अपने कैलेंडर मार्क कर लें। इस दिवाली सिनेमाघरों में आ रही है फिल्म। हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज हो रहा है।

सलमान का यह लुक तेजी से वायरल हो रहा है और फैंस भी भाईजान के नए लुक पर खूब प्यार बरसा रहे हैं। वहीं, पिछले दिनों कटरीना के लुक ने भी फैंस को काफी उत्साहित कर दिया था। भाईजान के नए लुक पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा, मैं तो फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखने के लिए काफी उत्साहित हूं। दूसरे यूजर ने लिखा, भाईजान की यह फिल्म सुपर डुपर हिट होने वाली है। एक और यूजर ने लिखा, सलमान खान का लुक कितना खतरनाक लग रहा है।

# डंकी और सालार के बीच अब नहीं होगा मुकाबला, शाहरुख ने पीछे खींचे कदम

जब से प्रभास अभिनीत फिल्म सालार के 22 दिसंबर यानी क्रिसमस के मौके पर सिनेमाघरों में आने की घोषणा हुई है, यह लगातार चर्चा में बनी हुई है, क्योंकि इसी दिन शाहरुख खान की फिल्म डंकी भी सिनेमाघरों में दस्तक दे रही है।अब जो खबर आ रही है, उससे न सिर्फ शाहरुख, बल्कि प्रभास के प्रशंसक भी खुशी से झूम उठेंगे।दरअसल, इन दोनों फिल्मों के बीच अब टकराव टलने की खबरें जोर पकड़ रही हैं।




दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने ट्रेड एनालिस्ट मनोबाला विजयबालन ने एक्स पर लिखा, डंकी और सालार के बीच टकराव टल सकता है। डंकी को आगे बढ़ाए जाने की खबरें हैं। लिहाजा दोनों फिल्में अलग-अलग दिन रिलीज होगी।उधर सूत्रों ने भी इस खबर की पुष्टि करते हुए लिखा, पोस्ट प्रोडक्शन से जुड़ा काम बचा होने के कारण डंकी की रिलीज टल सकती है। इसे लेकर निर्माताओं की तरफ से आधिकारिक ऐलान होना बाकी है।

सोशल मीडिया पर डंकी ट्रेंड में है। ज्यादातर प्रशंसक इस पर खुशी जाहिर कर रहे हैं, वहीं कुछ को विश्वास नहीं हो रहा है कि डंकी के पोस्ट प्रोडक्शन की वजह से फिल्मों के बीच टकराव टल रहा है। एक ने लिखा, शाहरुख 2 ब्लॉकबस्टर फिल्में देने के बाद सालार से डरने वाले नहीं हैं। एक ने शाहरुख का वो ट्वीट याद दिलाया, जिसमें उन्होंने कहा था, डंकी फिक्स ही है। अब क्या माथे पर गुदवा लूं।ज्यादातर फिल्म विशेषज्ञों की मानें तो इस टकराव से दोनों फिल्में बुरी तरह प्रभावित होंगी।ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श के मुताबिक, सालार-डंकी के साथ आने से दोनों फिल्मों को अच्छा-खासा नुकसान होगा। उनके मुताबिक, फिल्मों के प्रोडक्शन हाउस को इस पर सोचना चाहिए।सोशल मीडिया पर शाहरुख और प्रभास के प्रशंसक भी आपस में भिड़ गए हैं। दोनों एक-दूसरे पर मीम्स बना रहे हैं। विवाद न बढ़े, इसलिए भी फिल्मों को साथ न लाने पर बात चल रही है।



# रिया कपूर ने वीरे दी वेडिंग के सिक्वल पर लगाई मुहर

2018 में आई फिल्म वीरे दी वेडिंग को दर्शकों द्वारा काफी सराहा गया था। इसमें करीना कपूर, सोनम कपूर, स्वरा भास्कर और शिखा तलसानिया नजर आई थीं।दर्शक पिछले काफी वक्त से वीरे दी वेडिंग के सीक्वल की मांग कर रहे हैं।अब आखिरकार रिया कपूर ने वीरे दी वेडिगं के दूसरे भाग पर मुहर लगा दी है।उन्होंने बताया कि फिल्म की दूसरी किस्त पर काम शुरू हो चुका है। फिलहाल स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है।

रिया ने कहा, हां, वीरे दी वेडिंग बन रही है। फिलहाल, फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। वीरे दी वेडिंग की दूसरी किस्त की कहानी बहुत अलग होगी। मुझे पता है कि यह थोड़ा मुश्किल है क्योंकि यह फिल्म मेरे लिए सब कुछ है।उन्होंने आगे कहा, मैं वीरे दी वेडिंग की कहानी से बहुत खुश हूं। यह मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण फिल्म है और मैं इससे बहुत जुड़ी हुई हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, अगले साल तक निर्माता वीरे दी वेडिंग 2 की शूटिंग शुरू कर देंगे। आने वाले दिनों में जल्द इस खबर की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।फिलहाल वीरे दी वेडिंग 2 की कास्ट तय नहीं हुई है। हालांकि, उम्मीद है कि दूसरे हिस्से में भी पहले भाग वाली स्टारकास्ट ही नजर आएगी।बता दें, वीरे दी वेडिंग ने टिकट खिड़की पर 81.39 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। यह फिल्म जी5 पर उपलब्ध है।






अग्रवंश शिरोमणी भगवान श्री श्री 1008

# महाराजा अग्रसेन जी

की 5147वीं जयंती पर आप सभी को

## हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें



अध्यक्ष
श्री संजय मित्तल

उपाध्यक्ष
श्री मनोज अग्रवाल (BDC)

उपाध्यक्ष
श्री शुभम अग्रवाल
(शुभ फर्नीचर)



सचिव
श्री संजय अग्रवाल
(चिक्की साड़ी)

सह सचिव
श्री घनश्याम गर्ग
(राहुल ट्रेडर्स)

सह सचिव
श्री पवन अग्रवाल
(Mutual Fund)

कोषाध्यक्ष
श्री सुभाष अग्रवाल (वरदान)

लेखा परीक्षक
श्री राजेश अग्रवाल

प्रवक्ता
श्री मनोज अग्रवाल
(लखनपुर)



श्री हीरालाल गर्ग
अध्यक्ष
श्री अग्रसेन गौ सेवा सदन

श्री घनश्याम दास अग्रवाल
(दरिमा मोड़)

श्री सुरेश अग्रवाल
(पूजा मेडिकल)

श्री मनोज जैन

श्री जनम अग्रवाल
(डांडगांव)

श्री सुनिल केडिया

श्री प्रदीप अग्रवाल
(बरियों)

श्री हेमंत गर्ग



श्री मुकेश अग्रवाल
(रसेरा)

श्री राकेश सिंघल
(रक्कू)

श्री आशीष तायल
(मनीष मेन्स)

श्री दीपक गर्ग
(कुण्डला सिटी)

श्री अमरजीत अग्रवाल
(टीटू)

श्री दिनेश गोयल
(पेट्रोल पम्प)

श्री विकास अग्रवाल
(विक्की)

सी.ए. श्री विशाल अग्रवाल



श्री सचिन अग्रवाल
(जनता क्लॉथ)

श्री रवि गर्ग
(चिरंजी)

श्री राहुल गर्ग
(आनंद कोल्ड)

श्री संजय गोयल
(दिपाली)

श्री अशोक अग्रवाल
(आशा बुक)

श्री मुकेश अग्रवाल
(पर्पल ऑर्किड)

श्री मुकेश मित्तल

श्री विनोद गोयल
(काकू)



श्री सुशील अग्रवाल
(महामाया ट्रांसपोर्ट)

श्री विजय अग्रवाल
(क्रेशर)

श्री दुर्गेश अग्रवाल

श्री सतीश अग्रवाल
(जनता क्लॉथ)

श्री अशोक अग्रवाल
(आशा बुक)

श्री मुकेश अग्रवाल
(पर्पल ऑर्किड)

श्री मुकेश मित्तल

श्री विनोद गोयल
(काकू)

श्री विनोद गोयल
(काकू)



श्री आयुष अग्रवाल
अध्यक्ष
श्री अग्रवाल युवा मंच

श्री ऋषभ मित्तल
उपाध्यक्ष
श्री अग्रवाल युवा मंच

श्री यश गर्ग
प्रवक्ता
श्री अग्रवाल युवा मंच

श्री साहिल मित्तल

श्री आदित्य अग्रवाल

श्री शिवम गर्ग

श्री तनिष गर्ग

श्री अतुल बंसल

श्री विदित अग्रवाल

## विनीत - श्री अग्रवाल सभा एवं श्री अग्रवाल युवा मंच अम्बिकापुर

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)